■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज



www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-27)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 5 अगस्त, 2024

जमींदोज हुआ दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान का बेकरी कारखाना 5 | मदरसे के बाहर कांवड़ियों पर थूका, फेंका गंदा पानी! 7

## अमित शाह बोले- मोदी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी, अगली बार भी बनेगी एनडीए सरकार



मनीमाजरा । (चंडीगढ़) में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बने 24म7 जल आपूर्ति परियोजना के लोकार्पण कार्यक्रम से लाइवज् https:/शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है, लेकिन आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेंद्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे।

उन्होंने कहा, ''विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं।शाह ने कहा, ''वे यह नहीं जानते।राजग के एकमात्र घटक दल भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं। उन्होंने कहा, ''अनिश्चितता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी।भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा। विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में प्रभावी ढंग से काम करना सीखें।卐

शाह ने आज जिस परियोजना का उद्घाटन किया उस पर कुल 75 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस परियोजना से मनीमाजरा के एक लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा, जिनमें मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, शिवालिक एन्क्लेव, इंदिरा कॉलोनी और शास्त्री नगर में रहने वाले लोग भी शामिल हैं।'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत शुरू की गई इस परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है।

परियोजना के अन्य उद्देश्यों में रिसाव में कमी, 'स्मार्ट मीटरिंग', भूजल पर सीमित निर्भरता और ऊर्जा खपत की निगरानी के माध्यम से जल संवर्धन शामिल हैं। इस परियोजना के लिए कुल 22 किलोमीटर लंबी जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाई गई है और दो भूमिगत जलाशय बनाए गए हैं।

## नीतीश के ऑफिस को मिली बम से उड़ाने की धमकी

पटना। बिहार पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल के संबंध में मामला दर्ज किया है।16 जुलाई को सीएमओ को भेजे गए ईमेल में अल-कायदा से संबंध का दावा किया गया था। इसमें कहा गया कि बिहार पुलिस भी हमले को नहीं रोक सकेगी। एफआईआर सचिवालय पुलिस स्टेशन स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) संजीव कुमार के बयान के आधार पर दर्ज की गई थी। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया, यह एक पुराना मामला है... हमने जांच के बाद 2 अगस्त 2024 को एफआईआर दर्ज की है।धमकी भरे ईमेल ने पुलिस और आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) को जांच शुरू करने के लिए प्रेरित किया। बिहार पुलिस के राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध एफआईआर के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएनएस, 2023 की धारा 351 (4) (गुमनाम संचार द्वारा आपराधिक धमकी) और (3) (मौत या गंभीर चोट की धमकी) के साथ ही अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईटी अधिनियम की धारा 66 (एफ) (साइबर आतंकवाद) दर्ज की गई है।मई में, कई प्रतिष्ठानों पर हमलों की धमकी देने वाले फर्जी ईमेल की एक श्रृंखला के बाद तैयारी सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और दिल्ली पुलिस द्वारा संसद भवन और राजधानी के अन्य परिसरों में एक नकली आतंकवाद विरोधी अभ्यास आयोजित किया गया था। मॉक ड्रिल कश्मीरी गेट, नए संसद भवन और कुछ अन्य स्थानों पर आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान एनएसजी कमांडो को रू7 हेलीकॉप्टर से संसद भवन की छत पर उतारा गया।

## 20 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र घुमाने के 14 दोषियों को मिली सजा

उदयपुर। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिछले साल सितंबर में धारियावाड़ में 20 वर्षीय गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में उसके पति सहित 14 पुरुषों को शनिवार को सात साल की कैद की सजा सुनाई।अदालत ने कहा कि धारियावाड़ कांड मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराध के समान ही एक जघन्य अपराध था। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में पिछले साल दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और भीड़ द्वारा उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया था।

विशेष लोक अभियोजक मनीष नागर ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने धारियावाड़ कांड में दोषी पाई गई तीन महिलाओं को पांच साल की जेल की सजा सुनाई।न्यायमूर्ति सोनी ने कहा, देश में महिलाओं को लक्ष्मी की तरह पूजा जाता है।प्राचीन शास्त्रों में भी महिलाओं के सम्मान का उल्लेख है, लेकिन कलयुग में उनके खिलाफ हिंसा और अत्याचार जारी है।

उन्होंने कहा, यह आरोपी द्वारा महिला के खिलाफ किया गया एक गंभीर अपराध था। इसी तरह का जघन्य अपराध मणिपुर में भी हुआ था। ऐसे अपराध महिलाओं को भावनात्मक रूप से आहत करते हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है, तभी अपराध कम होंगे।

विशेष लोक अभियोजक नागर ने बताया कि अदाल ने पीड़िता के पति कान्हा मीणा के अलावा खेतिया मीणा, मोतिया उर्फ मोतीलाल मीणा, पुनिया मीणा, केसरा उर्फ केसरीमल मीणा, सूरज मीणा, पिंटू मीणा, नाथूलाल मीणा, मानाराम उर्फ वेणिया मीणा, नेतिया मीणा, रूपा मीणा, गौतम मीणा, रामलाल मीणाा, रमेश मीणा को सात-सात साल कैद, जबकि तीन महिला दोषियों-इंद्रा मीणा, मिरकी मीणा और झुमली मीणा को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई।

पिछले साल सितंबर में एक गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आया था। यह घटना 31 अगस्त को धारियावाड़ के निचलाकोटा गांव में हुई थी, जब आरोपियों ने पीड़िता को उस व्यक्ति के घर पर पाया, जिसके साथ उसके अवैध संबंध होने का संदेह था।

सात महीने की गर्भवती महिला को उसके पिता के घर छोड़ दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने अपनी मां के साथ पुलिस से संपर्क किया और पति समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 509, 354 ए और 354 बी, 323, 342, 294, 36, 341, 504, 506, 120 बी, महिलाओं के अश्लील चित्रण निषेध अधिनियम की धारा 4/6 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 (इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील सामग्री प्रकाशित करने की सजा) के तहत मामला दर्ज किया।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।यातायात नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा, ''गांदरबल जिले के कचेरवन में सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगले आदेश तक रोक दिया गया है।उन्होंने बताया कि आधी रात को बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बादल फटने से आई बाढ़ के कारण कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है।अधिकारी के मुताबिक, जरूरतमंद लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए प्राधिकारी मौके पर मौजूद हैं। राजमार्ग बंद होने के कारण कश्मीर घाटी का संपर्क लद्दाख से कट गया है और अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर तक संपर्क सुविधा भी बाधित हो गई है।

## विशाखापट्टनम में स्टेशन पर खड़ी कोरबा एक्सप्रेस की चार बोगियों में लगी आग

आंध्र प्रदेश की राजधानी विशाखापट्टनम में स्टेशन पर खड़ी कोरबा एक्सप्रेस की चार बोगियों में आग लगने की सूचना है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आग के कारण जनक्षति नहीं हुई है। आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है।

## अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए जम्मू से तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 1,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार तड़के जम्मू के एक आधार शिविर से रवाना हुआ।अधिकारियों ने बताया कि 40 वाहनों में सवार 1,112 तीर्थयात्रियों का 38वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच तड़के तीन बजकर 25 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 29 जून से शुरू हुई वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत अब तक 4.85 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं



बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in



सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

दीपावली व छठ पूजा की

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT

638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur

Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852

Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com







## संपादकीय

### अनदेखे सवाल

उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों के मरने की घटना ने पूरे देश को विचलित किया। सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। बताते हैं जब बाबा का काफिला जाने लगा तो सेवादारों ने करीब पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं को रोक दिया। गर्मी व उमस वाली भरी दोपहर में सत्संग सुनने के बाद श्रद्धालु घर जाने को बेताब थे। फिर भगदड़ मच गई और जो गिरा वो उठ न सका। लोगों की चीख-पुकार को सुनने के लिये वहां पुलिस-प्रशासन की कोई व्यवस्था नहीं थी। नजदीकी जनपद एटा के अस्पतालों के बाहर लगे लाशों के अंबार हृदयविदारक थे। चारों तरफ करुण क्रंदन और अपनों को तलाशने की बेबसी थी। सौ से अधिक लाशों का ढेर देखकर आहत एक पुलिस कांस्टेबल का हार्टफेल होने से निधन हो गया। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं थीं, वहीं कुछ पुरुष व बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को हाथरस से लगते एटा अस्पताल भेजा गया है। हादसा बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर सवाल उठाता है। सवाल यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़कर कथावाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि वहां मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक से हजारों श्रद्धालु जुटे थे। अब जांच, मुआवजे तथा कार्रवाई की बात कही जा रही है। सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी की जाती रहेगी। निस्संदेह, ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है।

बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? बताते हैं कि प्रवचन करने वाले बाबा नदारद हैं। कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। लेकिन हकीकत है कि हम पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दौ से अधिक घायल हुए थे।

# पर्यावरण अनुकूल विकल्प तलाशती दुनिया

**दरअसल, पॉलिथीन कई प्रकार के रूप-रंगों में आती हैं, जिन्हें इन रूपों में ढालने के लिए कई तरह के हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल होता है।ऐसे ही घातक दुष्प्रभावों को देखते हुए प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है, जो सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग की खपत को कम करने पर केन्द्रित वैश्विक आंदोलन है। वर्ष 2008 में जीरो वेस्ट यूरोप ने 3 जुलाई को एकल-उपयोग प्लास्टिक बैग के खिलाफ अभियान शुरू किया था। भारत सहित कई देश अब प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लागू कर चुके हैं।**




प्लास्टिक का उपयोग दुनियाभर में बीते वर्षों में बहुत तेजी से बढ़ा है। पूरे विश्व में हर साल करीब पांच सौ बिलियन प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है। गत्ता, टिन, कागज आदि परंपरागत पैकेजिंग पदार्थों का स्थान अत्यंत हल्की और पतली प्लास्टिक ने ले लिया है। अब यही प्लास्टिक धरती के लिए बड़ी पर्यावरण चुनौती बन रहा है। जल और जमीन पर रहने वाले जीव-जंतुओं के जीवन के साथ भी प्लास्टिक की थैलियां बड़ा खिलवाड़ कर रही हैं। पॉलीथीन थैलियां नालियों-सीवरों को जाम करने के साथ-साथ हर साल बाढ़ का भी बड़ा कारण बनती हैं। ये थैलियां मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को नष्ट कर इसे विषैला बना रही हैं, वहीं मिट्टी में इनके दबे रहने के कारण मिट्टी के पानी सोखने की क्षमता भी कम होती जा रही है, जिससे भूजल स्तर पर असर पड़ रहा है। चाय, चिप्स, सब्जियां, भोजन इत्यादि बहुत सारी खाद्य वस्तुओं को पॉलिथीन में पैक किया जाता है, जो कई तरह की बीमारियों को जन्म दे सकते हैं। दरअसल, पॉलिथीन कई प्रकार के रूप-रंगों में आती हैं, जिन्हें इन रूपों में ढालने के लिए कई तरह के हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल होता है।ऐसे ही घातक दुष्प्रभावों को देखते हुए प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है, जो सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग की खपत को कम करने पर केन्द्रित वैश्विक आंदोलन है। वर्ष 2008 में जीरो वेस्ट यूरोप ने 3 जुलाई को एकल-उपयोग प्लास्टिक बैग के खिलाफ अभियान शुरू किया था। भारत सहित कई देश अब प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लागू कर चुके हैं। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को देखते हुए ऐसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प खोजे जा रहे हैं, जिससे प्लास्टिक बैग तथा अन्य प्लास्टिक उत्पादों पर निर्भरता न्यूनतम हो सके। कई देशों में वैज्ञानिकों द्वारा सुरक्षित पर्यावरण की दृष्टि से पैकेजिंग के लिए भी प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल बेहतर विकल्पों की खोज जारी है।देश में खाने की पैकेजिंग में प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को न्यूनतम करने के उद्देश्य से ही पिछले कुछ समय में केले, ताड़ और ऐसे ही बड़े पत्तों का इस्तेमाल कर फूड पैकेजिंग तैयार करने के स्टार्टअप सामने आए हैं। विदेशों में भी वैज्ञानिकों द्वारा फूड पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक का अच्छा और सस्ता विकल्प ढूंढ़ने के प्रयास जारी हैं। डेनमार्क के वैज्ञानिक फूड पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक की जगह घास के रेशों का इस्तेमाल करने पर काम कर रहे हैं। दरअसल, घास के रेशे सौ फीसदी बायोडिग्रेडेबल और डिस्पोजेबल हैं, जिनसे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। चूंकि घास से बनी डिस्पोजेबल पैकेजिंग सौ प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल होगी, ऐसे में यदि कोई इसे इस्तेमाल के बाद बाहर भी फेंक देगा, तब भी यह स्वत: ही नष्ट हो जाएगी।

डीआरडीओ द्वारा कुछ समय पहले दो निजी संस्थाओं के साथ साझेदारी में प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल को कम करने के उद्देश्य से प्राकृतिक और पौधों पर आधारित फूड ग्रेड सामग्रियों से पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग बैग विकसित किए गए। यह सिंगल यूज प्लास्टिक के बेहतरीन विकल्प के रूप में तैयार किए गए बैग न केवल टिकाऊ बल्कि किफायती भी हैं। इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होगा और तीन महीनों में ही ये प्राकृतिक रूप से गल सकते हैं। डीआरडीओ के मुताबिक ये बायोडिग्रेडेबल बैग बनाते समय इनकी क्षमता और प्राकृतिक रूप से गलने जैसे फैक्टर्स का ध्यान रखा गया।इस्राइल का एक स्टार्टअप 'ट्रिपलडब्ल्यू' खाद्य अपशिष्ट को उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। ट्रिपल डब्ल्यू की तकनीक मौजूदा संयंत्रों को संशोधित कर उन्हें खाद्य अपशिष्ट से लैक्टिक एसिड बनाने में सक्षम बनाती है, जिसका उपयोग पेय पदार्थों तथा व्यक्तिगत देखभाल जैसे क्षेत्रों में किया जाता है और 'पॉलीलैक्टिक एसिड' नामक जैव-आधारित प्लास्टिक के निर्माण में भी इसका इस्तेमाल होता है।जर्मन स्टार्टअप 'ब्लूकॉन बायोटेक' ने जैव-प्लास्टिक के लिए लैक्टिक एसिड उत्पादन की नई तकनीक विकसित की है। इसमें पराली, कपास और चुकंदर की खोई का उपयोग कर जैव-प्लास्टिक को और अधिक टिकाऊ और पेट्रोलियम आधारित प्लास्टिक के मुकाबले किफायती बनाया जाता है। इसी प्रकार एक कनाडाई स्टार्टअप इन दिनों पौधों से प्लास्टिक का उत्पादन करता है, जिसे पारंपरिक प्लास्टिक की तुलना में कम ऊर्जा का उपयोग कर और कम कचरा पैदा करते हुए बनाया जाता है। इसकी विशेषता यह है कि यह आसानी से खाद में परिवर्तित हो सकता है, जिससे यह लैंडफिल में जाने से बच जाता है।बहरहाल, हम अपने जीवन से प्लास्टिक को भले ही पूरी तरह नहीं हटा सकते लेकिन इसके वैकल्पिक समाधानों को अपने जीवन में स्थान देकर पर्यावरण संरक्षण में मददगार अवश्य बन सकते हैं।

# भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव

गोंदिया।उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीएम ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को पत्र लिखकर जमीनी स्तर पर भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह श्रीनगर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता एक बार फिर पीएम  करेंगे।



साथियों बात अगर हम इस वर्ष से अंतर्राष्ट्रीय योग पुरस्कार2024 की शुरुआत की करें तो,आयुष रा'य मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया इस साल का प्रमुख कार्यक्रम श्रीनगर में होगा ब्रायन लिपि में सामान्य योग प्रोटोकॉल बुक को लांच किया गया दो संगठन भारतीय लोगों को और दो पुरस्कार विदेशी संस्थाओं को पुरस्कार दिया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग पुरस्कार 2024 की शुरुआत हो रही है।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट 2023 को खारिज करने की करें तो,भारत ने इसे बेहद पक्षपातपूर्ण बताया है। 28 जून 2024 को नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है और यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक के विचारों और एक निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलत बयानी,तथ्यों काचयनात्मक उपयोग, पक्षपाती स्त्रोतों पर निर्भरता और एकतरफा सोच का मिश्रण है, जिसमें अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत बढ़ने की बात कही गई थी। एक खास तरह की नैरेटिव गढ़ने के लिए इस रिपोर्ट में चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है।धार्मिक स्वतंत्रता पर ज्ञान दे रहे अमेरिका को भारत ने फिर लगाई फटकार, कहा- पुरानी घटनाओं के माध्यम से गढ़ा गया नैरेटिव। उन्होंने आगे कहा कि रिपोर्ट भारतीय न्यायालयों द्वारा दिए गए कुछ कानूनी निर्णयों की अखंडता को भी चुनौती देती प्रतीत होती है, जैसा कि पहले भी कई बार हुआ है,अमेरिका द्वारा जारी यह रिपोर्ट बहुत ही पक्षपातपूर्ण है। अमेरिकी रिपोर्ट अपने आप में आरोपों, गलत बयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्त्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों के एकतरफा प्रक्षेपण का मिश्रण है। रिपोर्ट में एक खास तरह की नैरेटेव को गढ़ने के लिए पुराने घटनाओं का हवाला दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट स्पष्ट रूप से वोट बैंक के विचारों और एक निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। हालांकि भारत इस तरह की रिपोर्ट्स को पहले से खा़रिज़ करता रहा है।पहले के अपने बयानों में भारत के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताया था।भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना था कि सालाना रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है।मालूम हो कि अमेरिका ने बुधवार को धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत बढ़ रही है। रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यक समूहों पर हिंसक हमलों का आरोप लगाया गया है। इसमें मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई हिंसा का भी हवाला दिया गया है।और तनाव एवं नकारात्मकता को दूर करना सिखाता है।यह हमें अपने भीतर से जुड़ने तथा अपने जीवन में शांति और सद्भाव पाने में मदद कर सकता है।केंद्रीय आयुष रा'य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साही भागीदारी जन-समुदायों पर योग के गहन प्रभाव को दर्शाती है।साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इतिहास की करें तो, इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला। 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 69/1×1 को अपनाया जिसके तहत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया था, जिसमें 190 से ज़्यादा देशों में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। तब से, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है जिसे दुनियां भर के लोग मनाते हैं।अत: अगर हम उपरोक्तपूरेविवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024-स्वयं व समाज के लिए योग-हर घर योग।से अधिक लोग मारे जाते हैं।तम्बाकू न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पर्यावरण पर भी कई तरह से बुरा प्रभाव डालता है।साथियों बात अगर हम तंबाकू सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की करें तो,धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डालता है?तम्बाकू का सेवन और धूम्रपान हमारे स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है, यह1निम्नलिखित घातक बीमारियों का कारण हो सकता है पाचन तंत्र का कैंसर जैसे जीईआरडी,अचलासिया कार्डिया (अग्न्याशय, पेट, मुंह, यकृत मलाशय, बृहदान्त्र और ग्रासनली) न्यूरोवैस्कुलर जटिलताएं और तंत्रिका संबंधी विकार के साथ साथ अन्य न्यूरो संबंधी रोग जैसे स्ट्रोक, मस्तिष्क की छोटी वाहिका इस्केमिक बीमारी(एसवीआईडी) और संवहनी मनोभ्रंश दिल की बीमारी फेफड़े की बीमारी मधुमेह क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) तपेदिक कुछ नेत्र रोगतम्बाकू पर्यावरण को कैसे प्रभावित कर रहा है?विश्व भर में हर साल तम्बाकू उगाने के लिए लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि नष्ट कर दी जाती हैतम्बाकू की खेती से हर साल 2, लाख् हेक्टेयर वनों की कटाई होती है और मिट्टी का क्षरण होता है। दुनियां भर में हर साल लगभग 4.5 लाख करोड़ सिगरेट बट का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाताहर साल 80 करोड़ किलोग्राम जहरीला कचरा पैदा होता है और हवा पानी और मिट्टी में हजारों रसायन छोड़े जाते हैंतम्बाकू की खेती के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग, ग्रह से पानी की कमी होती है।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## तीन छात्रों की पानी में डूब कर हुई आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा

कानपुर। विगत दिनों दिल्ली के पुराने राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की पानी में डूब कर हुई आकस्मिक मृत्यु पर आज समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वावधान में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शोक सभा संपन्न हुई जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया।

शोकसभा में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि श्रेया यादव तान्या सोनी नवीन डेल्विन की केंद्र सरकार व कोचिंग सेंटरों दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के कारण कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की आकस्मिक मृत्यु हो गई है जिसकी समाजवादी पार्टी कटु शब्दों में निंदा करती है तथा केंद्र सरकार से मृतकों के परिवार वालों को मुआवजा देने की मांग करती है ।

## सूचना


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ती का नाम जन्म प्रमाण पत्र में रिंकी शिवहरे अंकित है तथा आधार में शपथकर्ती का नाम रिंकी अंकित है। रिंकी शिवहरे एवं रिंकी एक ही महिला का नाम है जो सत्य व सही है। प्रमाणीकरण दिनांक 26.7.2024 को अहाता कचेहरी कानपुर नगर में किया गया।

**विकास गुप्ता**
**पत्नी/ रिंकी**
निवासी 92/2 बाबूपुरवा
कालोनी, किदवई नगर, कानपुर नगर

# व्यवस्था की खामियों को उजागर करता पूजा खेड़कर मामला

विवादों से घिरीं ट्रेनी आइएएस पूजा खेड़कर के मामले में उच्चस्थ सरकारी सेवा की चयन प्रक्रिया की खामियों की कलई खुल गईं हैं। अब पूजा के खिलाफ संघ लोक सेवा आयोग  ने साख बचाने के लिए कार्रवाई की है। आयोग ने पूजा खेड़कर से उनका आईएएस पद छीना है साथ ही उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। उक्त जानकारी आयोग ने दी है। यूपीएससी ने इस बात के संकेत पहले ही दे दिए थे। यूपीएससी का कहना था कि अगर पूजा खेडकर पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।पूजा पर तो कार्रवाई शुरू कर दी गई है लेकिन इस तमाम गड़बड़ी के लिए संघ लोकसेवा आयोग को क्लीन चिट नहीं दी जा सकती है।यह सारा प्रकरण व्यवस्था में मौजूद खामियों को बेपर्दा करता है।

महाराष्ट्र कैडर की आइएएस ट्रेनी पूजा खेडकर का विवाद लम्बे समय से चल रहा है।अब यूपीएससी ने पूजा खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी खत्म कर दी है।पूजा खेडकर के ऊपर एक दो नहीं बल्कि धोखे से इस पद को हासिल करने के कई आरोप लगे हैं।यूपीएससी ने पूजा को नोटिस जारी करके उनका चयन रदद करने को लेकर जवाब मांगा था।यूपीएससी ने कहा था कि पूजा के खिलाफ जांच में पाया गया कि उन्होंने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, फोटो, ईमेल आइ डी, मोबाइल नंबर और एड्रेस बदलकर यूपीएससी का एग्जाम दिया।दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूजा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और डिसेबिलिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।



**मनोज कुमार अग्रवाल**

पूजा खेडकर ने अपनी पर्सनल कार में लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार लिखवा रखा था।पूजा खेडकर की इसी गलती की वजह से वह सुर्खियों में आईं और जब जांच हुई तो उनके सारे झूठ सामने आ गए।सबसे पहले पुणे के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुहास दिवासे ने पूजा के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उनका ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया था।पता चला कि पूजा ने यूपीएससी के कोटे में आने के लिए ओबीसी कैटेगरी का फर्जी सर्टिफिकेट दिखाया था जबकि वह एक क्रीमी लेयर ओबीसी हैं। इसके अनुसार, जिस परिवार की सालाना इनकम 8 लाख से ऊपर होती है उन्हें क्रीमी लेयर ओबीसी की कैटेगरी में रखा जाता है। क्रीमी लेयर ओबीसी के लिए यूपीएससी में कोई कोटा नहीं है।हाल ही में उनके पिता लोकसभा चुनाव में उतरे तो सामने आया कि असल में उनकी इनकम 8 लाख से कहीं ज्यादा है।दर असल चुनाव के दौरान दिलीप खेडकर ने अपनी आय का ब्यौरा दिया तो पता चला कि उनका पूरा परिवार अरबपति है और क्रीमी लेयर ओबीसी में आता है।इसके बाद ही पता चला कि पूजा खेडकर नॉर्मल नहीं बल्कि एक क्रीमी लेयर ओबीसी हैं।इस मामले में जब केंद्र सरकार ने पुणे पुलिस को आईएएस प्रशिक्षु की जां के आदेश दिए तो पता चला कि पूजा खेडकर ने यूपीएससी में ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर कोटे का गलत इस्तेमाल करते हुए झूठा दावा किया कि उसके माता-पिता अलग हो गए हैं। अपने मॉक इंटरव्यू के दौरान उसने दावा किया कि उसके माता-पिता का तलाक हो गया है और वह अपनी मां के साथ रहती है। बाद में पता चला कि यह पूरी तरह सच नहीं था। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के माता-पिता ङ्क दिलीप और मनोरमा खेडकर ने 2009 में पुणे के पारिवारिक न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दी थी। 25 जून, 2010 को तलाक को अंतिम रूप दिया गया। तलाक के बावजूद, दोनों कथित तौर पर पुणे के बानेर इलाके में एक बंगले में साथ रह रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बंगले की मालकिन मनोरमा खेडकर थीं।इसके अलावा, दिलीप खेडकर ने अपने लोकसभा चुनाव हलफनामे में मनोरमा को अपनी पत्नी बताया और उन्हें अविभाजित हिंदू परिवार घोषित किया। दिलीप और मनोरमा के विवाहित जोड़े के रूप में सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने का भी उल्लेख किया गया है।उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 40 करोड़ रुपये से अधिक बताई तथा अपने हलफनामे में दंपत्ति की साझा संपत्तियों का भी ब्यौरा दिया।उधर पूजा की मां मनोरमा खेडकर फिलहाल आपराधिक धमकी के आरोप में जेल में बंद हैं। पुणे ग्रामीण पुलिस ने उन्हें 2023 में एक किसान को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दिलीप खेडकर भी इसी मामले में आरोपी हैं।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# सख्त हुई नजूल जमीन कांड के आरोपियों पर कार्रवाई, जाएंगे जेल

« जेल जाएंगे प्रेस क्लब के कई पदाधिकारी

« बिकरू कांड के गवाह को धमकाने पर अवनीश दीक्षित सहित आठ पत्रकारों समेत 18 पर एफआईआर दर्ज

« ब्रह्मनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता सौरभ भदौरिया ने लिखाई एफआईआर

« बीपीएस न्यूज

कानपुर। सिविल लाइंस स्थित नजूल की एक हजार करोड़ रुपये की जमीन पर कब्जे के प्रयास के मामले में जेल भेजे गए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

अवनीश दीक्षित, 7 पत्रकारों समेत 18 नामजद लोगों पर नजीराबाद थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। पूरे मामले में पांच से सात अज्ञात लोगों भी है, जिन सभी पर रंगदारी, बलवा और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। नजीराबाद इंस्पेक्टर अमान सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।



ब्रह्मनगर निवासी सौरभ भदौरिया ने पुलिस को बताया कि कुख्यात विकास दुबे द्वारा पुलिसकर्मियों के किए गए नरसंहार में आरोपी के सहयोगी और खजांची जयकांत बाजपेई और उसके भाइयों तथा अन्य गिरोह के लोगों के खिलाफ मुख्य पैरोकार सरकार की गठित जांच एजेंसियों में एसआईटी में 16 नंबर गवाह हूं।

जिस कारण से जयकांत बाजपेई उसका भाई रजयकांत बाजपेई, शोभित बाजपेई, अजयकांत बाजपेई तीनों जेल गए थे।

बताया कि इन तीनों के जेल से आने के बाद तीनों के साथ पैरोकार के रूप में कई आरोपी समय-समय पर रोककर बिकरू कांड की पैरोकारी और अन्य घोटालों की पैरोकारी ना करने के लिए दबाव बनाने लगे। आरोप है, कि उनके विरोध करने इनके साथी विपिन गुप्ता ने सभी एक राय होकर विभिन्न प्रकार की भ्रामक और झूठी खबरें प्रसारित-प्रचारित करने लगे जिससे वह पैरोकारी करना बंद कर दें।

उन्होंने पैरोकारी करना जारी रखा तो यह सभी आरोपी दुश्मनी की भावना रखने लगे। आरोप है, कि 3 अगस्त 2023 रात पौने दस बजे करीब ब्रह्मनगर चौराहे पर इन सभी लोगों ने एक राय होकर उन्हें रोक लिया और जयकांत बाजपेई का भाई रजय, शोभित कहने लगे कि इसी के कारण उनका साम्राज्य बर्बाद हो गया है।

इस पर पत्रकार अवनीश दीक्षित और विपिन गुप्ता ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर कहा 20 लाख रुपये का इंतजाम कर लो अन्यथा गोली मार देंगे, जिससे वह वह भयभीत हो गए और जेब में रखे 35,000 रुपये धमकाने पर दे दिए। वहीं शेष रकम का इंतजाम कुछ समय में कहने की बात कहकर अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले। आरोप लगाया कि उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने डीसीपी से मामले में शिकायत की।

### इन पर दर्ज की एफआईआर

जयकांत बाजपेई, शोभित बाजपेई, अजयकांत बाजपेई, पत्रकार अवनीश दीक्षित, पत्रकार विपिन गुप्ता, यश मिश्रा, असलम राईनी, सलमान खान, निसार अहमद, पत्रकार विवेक पांडे उर्फ सोनू, पत्रकार राहुल बाजपेई, विशाल कोरी, पत्रकार अमन तिवारी, मनोज यादव, प्रिंस सोनकर, पत्रकार अभिनव शुक्ला, पत्रकार रमन गुप्ता, इखलाख अहमद और 5-7 अन्य अजात के खिलाफ बलवा, कार्य में बाधा डालना और रंगदारी में एफआईआर दर्ज की है।



### फर्जी बैनामा तैयार कर प्लॉट कब्जाने के प्रयास पर अवनीश दीक्षित सहित पांच पर और एफआईआर

चकेरी के सावित्री नगर मंगला विहार-द्वितीय निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उनका एक मकान देहली सुजानपुर बाईपास पर है। 14 अप्रैल को वे अपने प्लॉट में थे। तभी ओमपुरवा निवासी कुसुम शर्मा व उनके पति महेश चंद्र शर्मा साथियों अवनीश दीक्षित, अभिनव शुक्ला, नेकराम, जगदीश के साथ आए और प्लॉट पर कब्जा करने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने 10 लाख की रंगदारी मांगी। मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गए। लोगों के आने पर जातिसूचक शब्द कहते हुए भाग गए। राजेश के मुताबिक नेकराम, जगदीश सगे भाई हैं और देहली सुजानपुर में रहते हैं। दोनों ने कुसुम व उसके पति के साथ मिलकर उनके प्लॉट का फर्जी बैनामा तैयार किया और कब्जे का प्रयास किया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि राजेश की तहरीर पर अवनीश दीक्षित, कुसुम शर्मा, उनके पति महेश शर्मा, अभिनव शुक्ला, नेकराम व जगदीश के अलावा 10-12 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अधिवक्ता की हरदोई में हुई हत्या से आक्रोश

### नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता, दिया ज्ञापन



कानपुर। अधिवक्ता की हरदोई में हुई हत्या से आक्रोशित अधिवक्तागण लाल पट्टी बांध अधिवक्ता के हत्यारों को गिरफ्तार करो गिरफ्तार करो परिजनों को एक करोड़ मुआवजा दो मुआवजा दो अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करो लागू करो आदि नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर बोलते हुए पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कहा कि अधिवक्ताओं पर निरंतर हमले हो रहे हैं उनकी हत्याएं तक की जा रही है अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन किया गया। हमारी मांग है की अधिवक्ता के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ मृतक अधिवक्ता के परिवार को रुपया एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू न किया गया तो प्रदेश का लाखो अधिवक्ता सड़को पर उतरेगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर नगर मैजिस्ट्रेट तृतीय राम शंकर ने प्रतिवेदन प्राप्त कर कहा कि आपका प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा। प्रमुख रूप से हरी शंकर चतुर्वेदी, अरविंद दीक्षित, संजीव कपूर, राकेश, सिद्धार्थ, मो तौहीद, आयुष शुक्ला, शिवम गंगवार, नवनीत रुखसार, पंकज मौर्य, विवेक सिंह, पवन श्रीवास्तव, विजय कुमार, संदीप वर्मा, जीतू कश्यप, इंद्रेश मिश्रा, के के यादव आदि मौजूद रहे।

# नजूल जमीन कांड में असली मास्टरमाइंड कौन ?

« अरबों की जमीन कब्जाने के मामले में कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सहित 33 पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है

« सबसे बडा सवाल यह है कि जमीन कांड में शहर के कौन ऐसे मठाधीश हैं जो कि पर्दे के पीछे से शामिल रहे हैं

« पुलिस की बढ रही लगातार जांच में फंस सकते हैं मठाधीश

कानपुर। सिविल लाइंस स्थित नजूल की अरबों की जमीन कब्जा मामले में जैसे जांच बढ रही है वैसे ही कई सवाल सामने आ रहे हैं। इतनी बडी जमीन कब्जाने के प्रयास में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को जेल भेज दिया गया है, बाकी की तलाश में लगातार पुलिस दबिश दे रही है। वहीं, इस जमीन के पीछे शहर के ऐसे कौन मठाधीश हैं जो कि पीछे से बैकअप दे रहे थे। पुलिस इस तथ्य पर भी छानबीन कर रही है। पुलिस की लगातार बढी रही कार्रवाई से कानपुर प्रेस क्लब से जुडे अधिकतर पदाधिकारी आरोपी बनाए जा चुके हैं।शहर का हर कोई यह जानना चाह रहा है कि इस खेल का असली खिलाडी कौन है। क्यों कि पत्रकार अवनीश दीक्षित को जिस तरह से पुलिस ने माफिया बनाकर जेल भेजा है, वह अकेले इतने कांड को अंजाम नहीं दे सकते। इसके पीछे और बडे कई लोगों के हाथ शामिल होने की संभावनाएं बताई जा रही हैं। शहर के एक जागरूक व्यक्ति ने बताया कि बीते 5 सालों में कानपुर प्रेस क्लस से जुडे कुछ पदाधिकारी अचानक रौब में आ गए थे। कोविड-19 के दौरान शराब की तस्करी में कई नाम सामने आए थे लेकिन पुलिस ने उस समय मामले को दबा दिया। इसके अलावा शहर और उसके आसपास कई विवादित जमीनों में बोर्ड टांगकर सौदेबाजी के प्रकरण चर्चा का विषय हैं। इनपुट है कि पुलिस जल्द ही ऐसे मामलों की समीक्षा करने जा रही हैं।

## विधान परिषद में उठा पत्रकारों की सुरक्षा का मामला

लखनऊ। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने का मुद्दा गुरुवार को विधान परिषद में उठाया गया। सपा के विधायक आशुतोष सिन्हा ने इस मुद्दे को उठाया और भत्ता दिए जाने का भी प्रस्ताव रखा। नए पत्रकारों को 10 हजार रुपये प्रति महीने और 20 वर्ष तक कार्य कर चुके पत्रकारों को कम से कम 25 हजार रुपये गुजारा भत्ता दिया जाए। उन्हें 20 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा भी दी जाए। सिन्हा ने कहा कि पत्रकार जोखिम लेकर कार्य करते हैं। आवास विकास व विकास प्राधिकरणों के माध्यम से बिना लाभ-हानि के भवन व प्लाट भी उपलब्ध कराए जाए।

### परेड क्रिस्टल पार्किंग का निकाला गया टेंडर

प्रेस क्लब के सामने रोड पार केडीए ने करोडों रूप्यों की लागत से क्रिस्टल पार्किंग बनाई है। अजीत यादव को टेंडर दिया गया था लेकिन केडीए शर्तो के तहत प्राधिकरण में किस्त नहीं जमा की जा रही थी। जब कि टेंडर का समय पूरा हो गया था। इसपर केडीए ने उन लोगों से कब्जा छीन कर टेंडर निकाल दिया है। आरोप हैं कि किस्टल पार्किंग से प्रेस क्लब से जुडे कुछ पदाधिकारी अवैध गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। देर रात शराबबाजी भी होती थी। इसके अलावा नवीन मार्केट में भी अवैध स्टैंड का संचालन किया जा रहा था, मार्केट के कुछ व्यापारी नेता संलिप्त बताए जाते हैं।

### निष्पक्ष जांच चाहता है प्रेस क्लब

बीते दिन प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई और महामंत्री शैलेश अवस्थी ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन दिया है। इसमें कहा गया है कि पुलिस की हर जांच में सहयोग करेंगे लेकिन किसी भी पत्रकार-पदाधिकारी का उत्पीडन नहीं किया जाए। सरस बाजपेई ने कहा कि एक व्यक्ति गलत हो सकता है लेकिन पूरा पत्रकार समाज नहीं।

# अवैध बेसमेंटों पर केडीए ने लिया कड़ा एक्शन

« काकादेव कोचिंग मंडी में चला अभियान, 7 परिसर किए गए सील

« कानपुर विकास प्राधिकरण के ओएसडी डा. रवि प्रताप सिंह की अगुवाई में हुई कारवाई




### इन पर हुई कार्यवाही

काकादेव में पावर हब जिम, रानीगंज काकदेव में अंकुर मिश्र की लाइब्रेरी, लेखा पांडे का कोचिंग सेंटर, धर्म वीर सिंह भदौरिया का जिम, डिजिटल लाइब्रेरी, ग्लोबल केयर एकेडमी और काकादेव में प्रतीक गुप्ता का अवैध बेसमेंट सील कर दिया गया। उपाध्यक्ष ने बताया कि अभी और भी कार्रवाई की जाएगी इसके लिए लगातार पवर्तन रास्ते की टीम सर्वेक्षण कर रही है।




« बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिल्ली में हुई घटना के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने बेसमेंट में चल रही कामर्शियल गतिविधियों को रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसको स्पष्ट कार्यवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। गुरुवार को केडीए वीसी मदन सिंह गर्बयाल ने सख्त रुख अख्तियार करके मौखिक समीक्षा की। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन-2 में इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। ओएसडी डॉ. रवि प्रताप सिंह और जोन-4 के ओएसडी बृजेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में काकादेव कोचिंग मंडी में अभियान चला, जिसमें सात परिसरों को सील किया गया। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर गठित टीम द्वारा भवनों के स्थलीय जांच में ऐसे निर्मित भवन जिनके बेसमेन्ट में कोचिंग सेन्टर, जिम, लाइब्रेरी व अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, ऐसे परिसर व उनसे जुड़ी गतिविधियां उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 यथा संशोधित 1997 की सुसंगत धारा-14 व 15 के विपरीत है, के दृष्टिगत उक्त भवनों व परिसरों पर सीलिंग की कार्यवाही अपेक्षित है। विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह ने आम जनमानस खासकर छात्रों से यह भी अपील की कि बेसमेन्ट में संचालित कोचिंग सेन्टर, जिम, रेस्टोरेन्ट, लाइब्रेरी में दाखिला न लें और न ही ऐसी जगहों पर जाएं जहां पर अपरिहार्य परिस्थितियों में जान का खतरा हो। यदि इस प्रकार का संचालन पाया जाये तो कानपुर विकास प्राधिकरण में शिकायत करें जिससे नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने साथ ही इस प्रकार के कार्यवाही भविष्य में अभियान चलाकर सुनिश्चित करने की भी बात कही।

# हैलट में तीन मरीजों की मौत पर घिरे अधिकारी

« बीपीएस न्यूज

कानपुर। हैलट के पीजीआई के न्यूरो डिर्पाटमेंट में बडा विवाद शुरू हो गया है। न्यूरो विभागाध्यक्ष ने अपने ही असिस्टेंट प्रोफेसर पर बड़ा आरोप लगाया है। तीन मरीजों की मौत का कारण इलाज और ऑपरेशन में लापरवाही का कारण असिस्टेंट प्रोफेसर को ठहराया गया है। इसको लेकर विभागाध्यक्ष ने डॉक्टर को ओटी ड्यूटी से हटाते हुए शिकायत प्राचार्य से की है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. रिचा गिरि ने बताया कि न्यूरो विभागाध्यक्ष की ओर उन्हीं के विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पर शिकायत पत्र मिला है। लापरवाही के कारण तीन मरीजों की मौत का बड़ा आरोप लगाया गया है। जिसकी जांच के लिए तीन वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. चन्द्रशेखर, डॉ. विकास कटियार की टीम जांच करेगी। उन्हें एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देनी है।




**सरेआम बहस करते हुए हंगामा**

हैलट पीजीआई के न्यूरो विभागाध्यक्ष डॉ मनीष सिंह के अनुसार, तीन माह पूर्व लखनऊ के राममनोहर लोहिया अस्पताल से संविदा पर डॉ क्षितिज सिन्हा ने ज्वाइन किया था। वह लगातार कार्य में लापरवाही व मरीजों के इलाज में कोताही बरत रहे। न्यूरो विभाग में डेढ़ से दो सप्ताह के दौरान भर्ती तीन मरीज की उनकी लापरवाही के मौत हो गई। विभागाध्यक्ष ने प्राचार्य को लिखे पत्र में कहा है कि तीनों मरीजों की मौत पर में कहा है कि तीनों मरीजों की मौत पर डॉ क्षितिज से आख्या मांगी। इस पर उन्होंने सरेआम बहस करते हुए हंगामा किया। डॉ मनीष के अनुसार, पहले मरीज के ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी डॉ क्षितिज ने की। सर्जरी के बाद सीटी स्कैन में ब्लीडिंग होने का पता चला। इसके बाद भी डॉ क्षितिज ने कुछ नहीं किया और न ही अपने किसी सीनियर को जानकारी दी। इस वजह से पुरुष मरीज की मौत हो गई। वहीं दूसरा मरीज सीवी जंक्शन का रहा। सर्जरी ठीक से न होने से मरीज लकवाग्रस्त हो गया।

## छावनी थानाध्यक्ष की धर पकड़ जारी, दबोचे जुआरी



कानपुर।। सूचना के आधार पर छावनी थानाध्यक्ष कमलेश राय ने मय फोर्स जुंए की फड़ पर मारा छापा। गोलू गौतम व सुनील कुमार नामक जुआरी चढ़े छावनी पुलिस के हत्थे। मौके से 4200 रुपए व ताश के 52 पत्ते बरामद। जामा तलाशी से बरामद हुए 900 रुपए दोनों जुआरियों को हिरासत में लेकर जुंआ अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की जा रही है।छावनी थानाध्यक्ष कमलेश राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक गणेश पराशर, उप निरीक्षक यू टी शुभम तिवारी व कांस्टेबल सौरभ कुमार का योगदान इस गिरफ्तारी में सराहनीय रहा।

# अवनीश दीक्षित पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी

## 6 दिन में अवनीश दीक्षित व उनके करीबियों पर 6 एफआईआर,9 अगस्त को एडीजे 6 में जमानत पर सुनवाई होनी है

कानपुर। शहर के बीचों बीच सिविल लाइंस स्थित एक हजार करोड़ रुपये की कीमत वाली नजूल की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर गिरफ्तार प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने गैंग चार्ट पर काम शुरू कर दिया है और जल्द ही नया मुकदमा भी कायम किया जा सकता है। इस गैंग चार्ट में एक दर्जन से ज्यादा सदस्य हो सकते हैं। गैंगस्टर लगने के बाद अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। पुलिस संगठित अपराध की धारा पहले ही बढ़ा चुकी है। वही कानपुर में अवनीश दीक्षित व उनसे जुड़े लोगों पर 6 दिन के अंदर 6 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।अवनीश दीक्षित की आगामी 9 अगस्त को एडीजे 6 में जमानत को लेकर सुनवाई होनी है। वहीं पुलिस रिमांड लेने को लेकर भी लगातार प्रयास कर रही है, क्योंकि घटनास्थल पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट अवनीश दीक्षित के रिमांड लेकर डीवीआर बरामद कर सकती है।

# ताजा घटनाओं को लेकर आगे आए वरिष्ठ पत्रकार



चर्चा करते वरिष्ठ पत्रकार

- शहर के वरिष्ठतम पत्रकारों ने किया विचार-विमर्श
- निष्पक्ष जांच के लिए आला अफसरों से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल
- निर्दोष पत्रकारों को फर्जी मामलों में फंसाने के खिलाफ नाराजगी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर के पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ वरिष्ठ पत्रकारों ने प्रेस क्लब में विचार-विमर्श करने के साथ प्रेस क्लब की गरिमा से समझौता नहीं करने के लिए रणनीति बनाई गई। वरिष्ठों ने तय किया कि एक भूमि विवाद के बाद तमाम पत्रकारों के खिलाफ बेहद पुराने और फर्जी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करना न्यायसंगत नहीं है। पत्रकारों का उत्पीड़न बंद करने के लिए संजीदा पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही स्थानीय आला अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सरकार से संवाद करेगा। अति वरिष्ठ पत्रकारों ने आमसभा में स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति के आपराधिक कृत्य के लिए पुलिस-प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन पत्रकारों को बदनाम करने की साजिश बर्दाश्त नहीं करेंगे। वरिष्ठ पत्रकारों ने संकट की घड़ी में एकजुटता का आह्वान करते हुए निर्णय लिया कि विभिन्न मामलों की निष्पक्ष जांच तथा निर्दोष पत्रकारों को पुराने और फर्जी मामलों में फंसाने के खिलाफ स्थानीय प्रशासन से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही सत्य युद्ध में सच्चाई बताने के लिए प्रतिनिधिमंडल लखनऊ-दिल्ली भी जाएगा। प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित पत्रकार सभा में वरिष्ठ-बुजुर्ग पत्रकार जुबैर अहमद फारुखी ने कहाकि, साठ साल पुरानी संस्था की साख पर सवाल कबूल नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया- प्रेस क्लब का किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत आचरण से सरोकार नहीं है। कानून अपने हिसाब से काम करे, लेकिन अमुक घटना में प्रेस क्लब का बार-बार उल्लेख करना बर्दाश्त नहीं है। अरुण मिश्र ने प्रस्ताव रखा कि, विभिन्न मामलों की निष्पक्ष जांच और निर्दोष पत्रकारों को फर्जी-पुराने मामलों में फंसाने के खिलाफ संजीदा पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही अधिकारियों से मुलाकात करे। वरिष्ठ पत्रकार जीपी वर्मा ने कानूनी मशविरे के साथ सत्य की लड़ाई को आग बढ़ाने की बात रही, जबकि पीयूष त्रिपाठी ने कहाकि, छोटी-छोटी शिकायतों पर बगैर जांच-पड़ताल मुकदमा दर्ज कराना आपातकाल जैसा है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा ने इस लड़ाई में सहयोग के लिए विभिन्न संस्थाओं से संवाद की जरूरत जताई। वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा, सतींद्र बाजपेई, प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी ने भी मार्ग-दर्शन किया। अंत में आमसभा में एकराय से तय किया गया कि पत्रकारों के खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों में निष्पक्ष जांच के लिए तथा निर्दोष पत्रकारों पर एक सप्ताह में दर्ज मामलों को समाप्त करने के वास्ते वरिष्ठ पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पुलिस कमिश्नर और मंडलायुक्त के साथ-साथ राज्य सरकार से मुलाकात करेगा।

## शातिरों ने नशीला पदार्थ सुंघा कर महिला से छीने जेवरात, पुलिस ने शुरू की जांच

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में रविवार भोर में घर के पीछे बंधे मवेशियों को चारा देने गई महिला को घात लगा कर बैठे शातिरों ने नशीला पदार्थ सुंघा कर जेवरात छीन लिए। इस दौरान वह चुटहिल हो गईं। 10 मिनट बाद मौके पर पहुंचे पति ने पत्नी को बेहोश पड़ा देख परिजनों को जानकारी दी। लूट की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा समेत गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है।

गुजैनी के ब्लॉक निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला पत्नी मुन्नी देवी (50), दो बेटों विवेक व आशीष, बहू रेखा के साथ रहते हैं। सत्यप्रकाश ने बताया कि घर के पीछे से झांसी रेलवे लाइन गुजरी है। पटरियों के बगल में पड़ी खाली जगह पर वह मवेशी पाले हुए हैं, जिनके दूध का व्यापार करते हैं। रोजाना की तरह रविवार सुबह 5 बजे पत्नी उठकर पशुओं को चारा देने गईं, तभी पहले से घात लगाए बैठे लुटेरों ने पत्नी का मुंह दबा कर नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद लुटेरे कानों की बाली, मंगलसूत्र, पायल, बिछिया व नाक की कील उतार ले गए। नाक की कील उतारने के दौरान महिला की नाक से खून आ गया। 10 मिनट बाद सत्य प्रकाश गए तो देखा पत्नी मवेशियों के पास बेहोश पड़ी हुई थीं। सत्यप्रकाश ने बेटों को जानकारी देकर गोविंद नगर पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि 22 मई 2023 को भी इसी तरह से मुन्नी देवी के साथ घटना हुई थी। जिसमें लुटेरे सारे गहने उतार कर फरार हो गए थे। तब पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव ने बताया कि महिला को इलाज के लिए हैलट भेजा गया है, जहां डॉक्टरों ने सदमा लगने की बात कही है। रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## कानपुर के उद्यमी पर्यावरण को बचाने आ रहें आगे

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए एवं रोटरी क्लब इंडस्ट्री द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण,संवर्धन हेतु विश्वविद्यालय के मुख्य स्टेडियम की दीवार के चारों तरफ कदम के 300 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण कराया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता सिंह तथा रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट रंजन भार्गव एवं उनकी धर्मपत्नी तनु भार्गव सहित कानपुर के ख्याति प्राप्त रोटेरियन शैलेंद्र कुमार सिंह, सत्यशील शुक्ला,आशु मेहरोत्रा,गोपाल सोनथालिया, सुगंधा गोयनका,कावेरी सोनथालिया ने बढ़-चढ़कर पौधों को रोपित किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि कदम एक पवित्र पौधा माना जाता है जिसकी बढ़वार शीघ्र होती है और बहुत कम समय में ही अच्छी कैनोपी बनती है मुझे खुशी है कि रोटरी क्लब के 30 से अधिक सदस्यों द्वारा पौधारोपण में हिस्सा लेकर इस बात का संदेश दिया कि आज कानपुर के उद्यमी पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आ रहे हैं और इन सब की सहभागिता एवं विश्वविद्यालय के तकनीकी ज्ञान से कानपुर के पर्यावरण बचाने में सहयोग मिल रहा है ।इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में डॉक्टर विजय कुमार यादव निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र ने मुख्य समन्वय के रूप में कार्य कर विश्वविद्यालय एवं उद्यमियों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉक्टर मुनीश कुमार,डॉक्टर अंशु सेंगर एवं नवाबगंज प्रक्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## फिटनेस शिविर में पहुंची 11 स्कूली बसों में 5 अनफिट

### - दिन पर दिन राजस्व में हो रही कमी, टैक्स जमा करने वालों की तादात हुई कम



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से रविवार को परिवहन विभाग ने स्कूली बसो के साथ अन्य वाहनो की फिटनेस के लिए रविवार को कार्यालय खोला गया। कुल 11 स्कूल बसे पहुंची जिसमें मात्र 6 ही फिट निकली बाकी पांच अनफिट कर दी गई। आरटीओ विभाग में छोपमारी को लेकर काफी असर पडा है। राजस्व का स्तर काफी नीचे गिर गया। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को विशेष फिटनेस कैम्प आरटीओ कार्यालय में लगाया गया जिसमें कुल 11 स्कूल बस निरीक्षण के आयीं जिसमें 6 की फिटनेस की गई जबकि अन्य पांच बसो में कमियां पायी गई जैसे इमरजेंसी का गेट न खुलना, विंडो पर रॉडस का न होना इन कारणो से उनकी फिटनेस नही हो सकी। स्कूल प्रबंधको, यात्री वाहन स्वामियों एवं शिक्षण संस्थाओ को पूर्व में सूचित किए जाने के बाद भी कार्यालय में अपने वाहनो का फिटनेस कराने नही पहुंचे। गौरतलब है कि एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने 46 स्कूली वाहन की फिटनेस समाप्त होने की विज्ञप्ति जारी की थी,सुरेश यादव तूने केके को ब्लैकमेल कर के अपनी सीट अपने गुर्गो के साथ वीडियो बना के बचा तो लीं अब तेरी खेर नहीँ अब तेरी सीट चली जाएगी। लेकिन उसके सापेक्ष मात्र 11 स्कूल वाहन ही फिटनेस शिविर में पहुंचे जबकि अन्य नदारत रहे। एआरटीओ प्रशासन ने उक्त फिटनेस कराने न आने वाले वाहन स्वामियों पर कार्यवाही करने की बात कही। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने स्कूली, शिक्षण संस्थाओ और अन्य यात्री वाहन स्वामियों से फिटनेस समाप्त हुए वाहनो की फिटनेस कराने के लिए अपील की थी, जिसके लिए उन्होंने रविवार को कार्यालय फिटनेस शिविर का आयाोजन भी किया ,लेकिन उक्त वाहन स्वामियों ने उनकी अपील का मखौल बना दिया। 46 बसो में 11 बसे पहुंचना उसमें भी पांच अनफिट होना साफ जाहिर करता है कि सडक पर दौडने ऐसे अनफिट वाहन किसी को भी अपना मौत का शिकार बना सकते है।

## केंद्रीय मंत्री द्वारा जाति पूछे जाने पर सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का विरोध प्रदर्शन

### सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी,चावला मार्केट चौराहा गोविंद नगर में मानव श्रृंखला बना जताया विरोध
### धरना प्रदर्शन कर एसीपी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया






**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शादाब आलम महानगर अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने विरोध प्रदर्शन सपा के लोगों ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश विश्व का सबसे सुंदर एवं सबसे बड़ा लोकतांत्रिक एवं सबसे बड़ा धर्म निरपेक्ष राष्ट्र एवं हर वर्ग हर जाति के लोग निवास करते हैं जो इस देश की सुंदरता है। परंतु पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के जरिए लगातार पहले तो एक विशेष वर्ग के लोगों को अपमानित किया जाता रहा है परंतु पराकाष्ठा तो जब पार हो गई जब देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर भारत की संसद में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर केरल के वायनाड तथा रायबरेली से सांसद राहुल गांधी की जाति पूछी गई जो कि किसी को भी अधिकार नहीं है जिससे समस्त भारत वर्ष की जनता में आक्रोश व्याप्त है। क्योंकि जिस तरह से देश की संसद के अंदर इस तरह का कृत्य हो सकता है तो पूरे देश में किसी के साथ भी बीजेपी के नेता यह कह सकते हैं अभी कुछ समय पहले देखा गया कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक दलित व्यक्ति के ऊपर मूत्र डाला गया इस पूरे घटनाक्रम पर कार्रवाही की जाए जिससे आगे इस तरह की कोई पुनरावृत्ति न हो सके।

## सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौराहों और बाजारों में पैदल गश्त कर वाहनों की गई चेकिंग

कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर के एसएचओ/एसओ द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत, अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने एवं शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रमुख चौराहों/बाजारो में पैदल गश्त किया गया एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

# अयोध्या:बेटी के साथ घटना दुखद, उच्चस्तरीय हो जांच-सपा

बीपीएस न्यूज

अयोध्या। भदरसा रेप कांड को लेकर अब तक खामोश समाजवादी पार्टी ने शनिवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। समाजवादी पार्टी ने बेटी के साथ हुई रेप की घटना को दुखद और निंदनीय बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सपा नेताओं ने कहा कि है कि दोष सिद्ध होने तक किसी भी सपा नेता का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही सपा ने बुलडोजर और चेयरमैन भदरसा पर दर्ज केस को गलत बताया है। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जांच में जो भी दोषी मिले उन पर जो भी कार्रवाई हो ठीक है लेकिन उससे पहले तरह तरह से सपा नेताओं का उत्पीड़न बेहद गलत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार को कोर्ट के फैसले तक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाजायज उत्पीड़न और गलत कार्रवाई न हो। जिस तरह से बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है वह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि पीड़ति बिटिया के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और उचित सुरक्षा व रक्षा दी जानी है। उन्होंने कहा कि भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद और सपा नेता जय सिंह राणा अपने परिवार से मिलने जिला महिला अस्पताल गए थे और उन पर आरोप लगा कर मुकदमा




दर्ज कर दिया गया है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि भदरसा में बिटिया के साथ जो दुःखद घटना हुई है। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। यह बहुत ही बड़ा जघन्य अपराध है, हम इस बात की मांग करते हैं कि इस घटना में जो भी दोषी है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए लेकिन कार्रवाई की आड़ में बिना साक्ष्य के, बिना प्रमाण के बिना सबूतों को इकट्ठा किए समाजवादी पार्टी के नेताओं का उत्पीड़न न किया जाए।

## प्रताड़ना से तंग महिला ने की आत्महत्या, पति ने भी लगाई फांसी

धौरहरा/ईसानगर (खीरी)। थाना ईसानगर क्षेत्र के गणेशपुर कुतैंइया गांव में शराबी पति आए दिन अपनी पत्नी को प्रताड़ति करता था, जिससे क्षुब्ध होकर उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसे देख पति ने भी खेत मे लगे आम के पेड़ की डाल से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। लाल विक्रम (48) जो शराबी प्रवृत्ति का बताया जाता है ?। शुक्रवार दोपहर खाना बनाने को लेकर पत्नी कुशमा (45) से कहासुनी हो गई, जिससे गुस्से में लाल विकक्रम ने पत्नी की पिटाई कर दी और घर के बाहर निकल गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंत्री नन्दी स्मृतिका वाटिका नैनी में किया पौधारोपण



नैनी/प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत यूपी सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज स्मृतिका वाटिका ददरी नैनी में पौधारोपण किया। मंत्री नन्दी ने पौधारोपण कर कहा कि पौधारोपण से जहाँ प्रकृति का संरक्षण होता है, वहीं हमारी धरती माता का भी संवर्धन होता है। इसलिए सभी की जिम्मेदारी है कि प्रकृति की रक्षा में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।मंत्री नंदी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा में लगाया हर एक पेड़ जलवायु संरक्षण और आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य है मां के प्रति अपने प्यार और सम्मान को एक नए रूप में दर्शाना है। वृक्ष ही हमारे जीवन का आधार है वृक्ष ही हमारा वर्तमान है और वृक्ष ही हमारा भविष्य हैं। मंत्री नंदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आइये हम सभी मिलकर प्रकृति की रक्षा करने कि लिए और हमारी माताओं को नमन करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें। मंत्री नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 20 जुलाई को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में एक दिन में 36.50 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लोक-कल्याणकारी संकल्प पूर्ण किया गया।

# छात्रों को सिखाया विधि का महत्व, एलएलबी के छात्रों का संपन्न हुआ ओरिएंटेशन

बीपीएस न्यूज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एलएल.बी. (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 3 अगस्त 2024 को ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य नए छात्रों को शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना और विश्वविद्यालय के संसाधनों और अवसरों से अवगत कराना था। ओरिएंटेशन का नेतृत्व एसोसिएट प्रो. अनुराग श्रीवास्तव और पंच ऋषि देव शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों को उत्साह और अंतर्दृष्टि के साथ संबोधित किया। प्रो. श्रीवास्तव ने छात्रों का स्वागत



किया और भविष्य की सफलता के लिए विधिक शिक्षा की मजबूत नींव के महत्व पर जोर दिया।प्रोफेसर्स ने छात्रों को पाठ्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने और संकाय की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। पंच ऋषि देव शर्मा ने कानूनी पेशे में नैतिकता और ईमानदारी की भूमिका पर जोर दिया और छात्रों को समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ अपनी पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया। विधिक क्षेत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की और छात्रों को उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सत्र में विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों, सह-पाठ्यक्रम के अवसरों और छात्र सहायता सेवाओं का अवलोकन शामिल था।
छात्रों को परिसर का दौरा भी कराया गया, जिससे उन्हें उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों से परिचित होने में मदद मिली। ओरिएंटेशन का समापन एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को संकाय सदस्यों से प्रश्न पूछने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। इस सहभागिता ने शैक्षणिक वर्ष के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया, जिसने नए समूह के बीच समुदाय और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय अपने नए बैच के छात्रों का स्वागत करने के लिए उत्साहित है और उनकी विधिक शिक्षा यात्रा के दौरान उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में सहायता करने के लिए तत्पर है। इस प्रोग्राम में विधि विभागाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह, डॉ. आलोक कुमार यादव, डॉ. अभिषेक तिवारी, प्रो. राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बाबा के बुलडोजर से जमींदोज हुआ दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान का बेकरी कारखाना

अयोध्या। अयोध्या जिला प्रशासन ने 12 वर्षीय बच्ची से बलात्कार के आरोपी मोइद खान की बेकरी को शनिवार को ध्वस्त कर दिया। अयोध्या के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया, मोइद खान की बेकरी को ध्वस्त कर दिया गया है। इस बेकरी में एक बड़ा और एक छोटा कमरा था। बेकरी को अवैध रूप से एक तालाब के ऊपर बनाया गया था, जिसके चलते इसे ध्वस्त कर दिया गया है।इससे पहले, पुलिस ने बच्ची से बलात्कार मामले में 30 जुलाई को अयोध्या जिले के पूराकलंदर इलाके से बेकरी मालिक मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोइद और राजू ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया।उन्होंने बताया कि यह घटना तब प्रकाश में आई, जब हाल ही में मेडिकल जांच में पीड़िता के गर्भवती होने का पता चला। यह मामला तब राजनीतिक हो गया, जब दावा किया गया कि मोईद समाजवादी पार्टी (सपा) का सदस्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में इस घटना का जिक्र किया और सपा पर निशाना साधा।

# स्कालरशिप परीक्षा के लिए आवेदन 5 अगस्त से शुरू

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में होंगे आवेदन सफल बच्चों को 9वीं से 12वीं तक हर महीने मिलती है 1000 रुपये की छात्रवृत्ति

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति 2025-26 की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पांच अगस्त से शुरू होगा। इसकी अंतिम तिथि पांच सितंबर तय की गई है। परीक्षा 10 नवंबर को प्रस्तावित है। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं कक्षा सात की परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए पांच प्रतिशत की छूट है) अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। वर्तमान सत्र में राजकीय/स्थानीय निकाय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ रहे हो। इसमें चयनित छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के दौरान हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे।जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2023-24 में कक्षा 7 की परीक्षा न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ पास की हो और सत्र 2024-25 में राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्थानीय निकाय (परिषदीय) के विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत हो वो इसमें आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय आवासीय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल एवं प्राइवेट विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में आवेदन नहीं कर सकते हैं। विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय 3.5 लाख रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होना चाहिए। इस परीक्षा के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदन करते समय सभी अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से जारी आय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, चुनौती ग्रस्त श्रेणी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी से निर्गत आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा। प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व का होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ आरक्षण प्रमाण पत्र अपलोड न करने पर अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी के रूप में माना जाएगा।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने विकासखंड के अधिक से अधिक बच्चों को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## दावे बेहिसाब, बच्चों को आज भी नहीं मिली कई किताबें

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सब पढ़ें-सब बढ़े, शिक्षा है अधिकार हमारा, हर बच्चा होगा शिक्षित तो देश बनेगा विकसित जैसे नारे आपको हर परिषदीय विद्यालयों के दीवारों पर लिखे दिख जाएंगे। इन नारों को हकीकत में बदलने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग में 22 से अधिक योजनाओं का संचालन करोड़ों के बजट से किया जा रहा है। हकीकत यह है कि जिले के परिषदीय विद्यालयों में अधिकांश बच्चे बिन किताब के स्कूलों में जा रहे हैं। इसका खुलासा प्रेरणा पोर्टल से हुआ है। इन परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान में करीब 1.40 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। खुलासा हुआ है कि स्कूल जा रहे इन बच्चों को सभी विषय की किताबें अभी तक नहीं मिलीं हैं, जबकि नए शिक्षा सत्र को शुरू हुए चार महीने से अधिक गुजर चुके हैं।

# आयुष्मान भारत के तहत 4 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## इस प्रशिक्षण का प्रभाव समाज में आपको 10 वर्ष बाद देखने को मिलेगा

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। विकासखंड सरवनखेड़ा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस के चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजनेर में हुआ।प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पुनीत पाण्डेय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आज आप सभी जो जानकारी स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में प्राप्त किए हैं उसको मैसेंजर के माध्यम से छात्र-छात्राओं के द्वारा अभिभावकों और जनसमुदाय तक पहुंचाना है। इस प्रशिक्षण का प्रभाव समाज में आपको 10 वर्ष बाद देखने को मिलेगा। डॉ पुनीत एवं डॉ प्रमोद और स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को सक्रियता प्रदान करने के लिए समुदायिक केन्द्र में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर डॉ प्रमोद तिवारी ने स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर को टी शर्ट और कैप दी साथ ही प्रत्येक विद्यालय के दस चयनित मैसेंजर के लिए टी शर्ट, कैप एवं बैज प्रदान किया गया। डॉ प्रमोद ने प्रतिभागियों से कहा कि आप सभी छात्र छात्राओं से स्वच्छ भारत अभियान की जानकारी दें। उनको 5 एफ के बारे में बताएं बच्चों को खून की कमी की व्यापकता की चुनौती से निपटने के लिए साप्ताहिक आयरन एंड फोलिक एसिड सप्लीमेंट लेना आवश्यक है। एआरपी संजय शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय कृमि हरण दिवस एनडीडी प्रत्येक वर्ष 10 फरवरी और 10 अगस्त को दो बार



मनाया जाता है। इसके लिए 1 से 19 आयु वर्ग के बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली की खुराक दी जानी है। साथ ही एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए बच्चों को उपाय बताएं। एचआईवी के बारे में जो मिथक समाज में फैला है उसकी पहचान कर जनसमुदाय को जागरूक करने का दायित्व हम सभी का है। शिक्षक अभिषेक द्विवेदी ने प्रतिभागियों से कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को बारीके से समझाएं। प्रशिक्षण में पीयूष मिश्रा ज्योति सिंह दीपक परमार वीरेन्द्र यादव सिम्मी कटियार छाया रूपी त्रिपाठी कामता सिंह जफर अख्तर आदि उपस्थित रहे।

## अचानक बजा आपातकालीन सायरन, गंगा की तरफ दौड़ पड़ा प्रशासनिक अमला

बीपीएस न्यूज

गंजडुंडवारा । गंजडुंडवारा कादरगंज गंगा घाट पर अचानक अपातकालीन सायरन बजा और प्रशासनिक अमला गंगा की तरफ दौड़ पड़ा। एसडीआरएफ टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया। बाढ मे डूबे व्यक्ति को बाहर निकाला गया और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उसे त्वरित उपचार दिया गया, लेकिन यह घटना एक माकड्रिल थी, क्योंकि कादरगंज गंगा घाट पर आपदा से निपटने के लिए शासन के निर्देश पर एसडीआरएफ टीम द्वारा मॉक ड्रिल की जा रही थी। जिसमें एसडीआरएफ के जवानों ने सीडीओ सचिन यादव व एडीएम आर के पटेल की उपस्थिति में गंगा में डूबते हुए व्यक्ति को बचाने का रिहर्सल किया।आपदा के समय बचाव को कादरगंज गंगा तट पर मॉकड्रिल का आयोजन हुआ।
एसडीआरएफ की टीम द्वारा भयाभव बाढ़ आने की स्थिति में डूबने वालों को सकुशल बाहर निकालने, प्राथमिक चिकित्सा मुहैय्या कराने समेत अन्य अभ्यास किए गए। रिर्हसर के दौरान टीम ने गंगा में डूबते युवक को महज दो मिनट में रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। जिसका स्वास्थ्य टीम ने उपचार कर जान बचाई। इस दौरान एसडीआरएफ लेफ्टिनेंट कर्नल खान द्वारा बाढ़ और पानी में डूबने से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। बाढ़ में डूबे व्यक्ति को बाहर निकाल कर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने, डूबने के कारण बेहोश व्यक्ति के शरीर से मौके पर पानी निकालने की विधि और डूबने के कारण हार्ट अटैक से बचाव के तरीके बताया गया। आपदाओं में रेस्क्यू कर एम्बूलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में टीम ने घरेलू सामान जैसे पानी के खाली बोतलों, गैलन, थर्मोकॉल से बाढ़ से बचने और उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान बडी संख्या मे गांव वासी मौजूद रहे। माकड्रिल के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी अरुण कुमार, एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी श्रेति गर्ग, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार, पशुचिकित्साधिकारी अनुज कुमार, लेखपाल रंजीत, बृजबिहारी सहित स्वास्थ्य विभाग से डा0 भरत, डा0 अमन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## इटावा-बिंदकी बाया कानपुर देहात रेल लाइन परियोजना कागज़ों तक सीमित रही

# 10 साल में एक कदम भी नहीं बढ़ सकी परियोजना

## पुखरायां रेलवे स्टेशन को कब मिलेगा जंक्शन का दर्जा
## जिले में तीन मंत्री एक विधायक एक एमएलसी फिर भी
## कानपुर देहात हल बेहालदिल के अरमां आसूंओं में बहे गए




बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। आठ साल से कानपुर देहात से निकलने वाली इटावा-बिंदकी रेल लाइन परियोजना की उम्मीदे फिलहाल पूरी होते नहीं दिखा रही है। जबकि इस परियोजना के शुरू होने से जनपद के पुखरायां स्टेशन को जंक्शन का दर्जा मिल जाएगा। वहीं औरैया जनपद का मुख्यालय रेल मानचित्र में आ जाएगा। जनपद के बड़े हिस्से के लोगो को औरैया, इटावा और बिंदकी जाने के यात्रा सुगम हो जायेगी। लेकिन अनदेखी के चलते उक्त परियोजना की फाइल कागजों में दबी पड़ी है। इटावा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने इटावा-बिंदकी रेल लाइन परियोजना का मुद्दा लोकसभा में उठा कर पूरा करने की मांग की थी। वहीं आठ वर्ष पूर्व केंद्र सरकार ने वर्ष ने इस रेलवे परियोजना का सर्वे कराया था। 28 फरवरी 2014 में 210 किलोमीटर लंबी इटावा-बिंदकी रेल लाइन के सर्वे का कार्य पूरा हुआ।

इससे कानपुर देहात के राजपुर, सिकंदरा, पुखरायां होते हुए फतेहपुर, इटावा, औरैया तक जाने वाले लोगों को रेल यातायात का लाभ नहीं मिल सका। जबकि इटावा से औरैया होकर बिंदकी तक जाने वाली रेलवे लाइन के बन जाने से एक बड़ा हिस्सा रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। अभी तक कानपुर से औरैया व इटावा से औरैया तक सीधी कोई रेलवे लाइन नहीं है। दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर औरैया जिले के स्टेशन जरूर पड़ते हैं, परंतु जिला का दर्जा होने के बाद भी औरैया मुख्यालय में रेलवे स्टेशन नहीं है। इस रेलवे लाइन का उद्देश्य भी इटावा और औरैया दोनों जिला मुख्यालयों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ना था।

सांसद ने उठाई थी मांग

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इटावा-बिंदकी रोड तथा औरैया जिले में फफूंद-जालौन तथा नई रेल लाइन बिछाने का सर्वे 2014 में पूरा हो चुका है। रेल मंत्री से मांग की कि इटावा तथा औरैया जनपदों का एक बड़ा हिस्सा जंगली क्षेत्र इस पर रेलवे लाइन प्रस्तावित है।

# शराब बन्दी कानून बनने के लिए शास्त्री भवन में बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शराबमुक्त भारत बनाने के लिए राष्ट्रीय शराब बन्दी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की एक बैठक खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा व बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित शराब बन्दी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि शराब बन्दी आन्दोलन को देश ब्यापी बनाने के लिए आगामी 18 अगस्त को समय 11 बजे 723 गौशाला रोड, नजफगढ़, नई दिल्ली निकट मैट्रो स्टेशन नजफगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया है। सम्मेलन में लगभग 15 राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश संयोजक शाकिर अली उस्मानी ने कहा कि कानपुर नगर सहित प्रदेश के कई जिलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मेलन में पहुंचेंगे। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि जो लोग इस सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं वह स्वतन्त्र रूप से आकर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं एवं अपने विचारों से हम सबको अवगत करा सकते हैं। 9 अगस्त तक क्रान्ति दिवस से 15 अगस्त तक पूरे शहर भर में शराब बन्दी जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से दीपक मालवीय, राहुलन अम्बावडेकर, सुरेश गुप्ता, प्रदीप यादव, दिनेश खरे, मोहम्मद उस्मान, अब्दुल समी शाह, हाजी कौसर सोलंकी, संतोष गुप्ता, कीर्ति अग्निहोत्री पूर्व पार्षद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अवनीश दीक्षित की बढ़ सकतीं मुश्किलें

## 15 साल पुरानी फोटो पुलिस के हाथ लगी



कानपुर। पॉश इलाके सिविल लाइंस में नजूल की 1700 करोड़ की जमीन पर कब्जा के प्रयास का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कमिश्नरेट पुलिस को कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित व उसके साथियों की तकरीबन 15 साल पुराने एक फोटो हाथ लगी है, जिसमें वह लोग ऑटोमैटिक असलहे लिए हुए हैं। पुलिस उस फोटो में दिखने वाले व्यक्ति की पहचान करने के साथ असलहों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई है। फोटो में कुल आठ लोग हैं, जिनमें से कुल पांच लोग पत्रकारिता से जुड़े हैं। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि ये फोटो गंगाबैराज के पास एक गांव की है। एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि पत्रकारों के द्वारा परेशान और ब्लैकमेलिंग करने वालों के पांच प्रार्थना पत्र कमिश्नरेट पुलिस के पास पहुंचे हैं। इनमें से तीन दक्षिण पुलिस के पास तो दो प्रार्थना पत्र सेंट्रल जोन की पुलिस को दिए गए हैं। प्रार्थना पत्रों की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि नजूल की भूमि को कब्जे करने के मामले मे जो भी आरोपी है, उन्हें कतई नहीं बख्शा जाएगा। नामजदों की गिरफ्तारी के लिए लगातार आरोपियों के घर कई थानों का फोर्स एसीपी के नेतृत्व में छापेमारी कर रहे हैं। पुलिस की और टीमें दिल्ली, आगरा गई थी लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

उन्होंने बताया कि पूरे मामले में नामजद आरोपियों की पत्नियों के नाम से रुपये लगाए हैं, इसकी जानकारी हुई है। बताया कि आरोपियों के आय के स्त्रोत देखे जा रहे हैं। उनकी कहां-कहां संपत्तियां हैं, वह भी खंगाली जा रही हैं। किस खाते में किसको रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है, वह भी देखा जा रहा है। अफसर के अनुसार ग्वालटोली में एक स्थान पर शादी विवाह के कार्यक्रम हो रहे थे, उसका पैसा कौन कौन ले रहा था, इसकी भी जानकारी की जा रही है।

# बच्चों से भरी स्कूल बस खड्ड में पलटी, दो छात्रों को आईं गंभीर चोटें

## हादसे में घायल छात्रों को ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल







बीपीएस न्यूज

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित स्कूल बस पीबीसी रोड से चंवर मार्ग पर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। बस में चालीस छात्र एवं छात्राएं सवार थे। हादसे में बस में सवार दो छात्रों को गंभीर चोट आई हैं, जबकि अन्य छात्रों को मामूली चोट आई हैं। ग्रामीणों ने बस में फंसे छात्रों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया है, जहां छात्रों का उपचार जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। मौके से चालक भाग निकला। पुलिस ने बस को कब्जे में लिया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के चंवर गांव स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की बस सुबह आठ बजे नवेड़ी की तरफ से छात्रों को लेकर स्कूल आ रही थी। पीबीसी से चंवर गांव मार्ग पर गांव के किनारे मोड़ पर पहुंचते ही स्कूल बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। स्कूल बस में सवार छात्रों में चीख पुकार मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने स्कूल बस को सड़क किनारे पलटा देखा तो मौके पर पहुंचकर स्कूल बस में फंसे छात्रों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में दो छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। अवधेश पाल पुत्र प्रमोद पाल निवासी निवहरा कक्षा 5 का छात्र था जो गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज घाटमपुर कस्बे के शांति नर्सिंग होम में चल रहा है। स्कूल बस पलटने की सूचना राहगीरों ने फोनकर घाटमपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की और बस को जेसीबी मशीन की मदद से सीधी कराकर थाना ले गए। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से घटना की जानकारी जुटाई है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिक चला रहे थे कार, महिला की स्कूटी में मारी टक्कर, मौत

बीपीएस न्यूज



कानपुर। तमाम सख्ती के बाद भी तेज रफ़्तार से हादसे आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। ताजा मामला किदवई नगर में देखा गया है। तेज रफ्तार कार ने बेकाबू कार ने स्कूटी सवार महिला व उसकी बेटी को टक्कर मार दी।हादसे में महिला की मोके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटी की गंभीर रूप से घायल हो गई ,और उसकी कूल्हे की हड्डी टूट गई। कार नाबालिग लड़के बिना लाइसेंस के चला रहे थे।स्थानीय लोगों के मुताबिक कार में दो लड़कियां भी थीं, सभी नाबालिक थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सारे सबूतों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी

# हरियाली तीज महोत्सव में सावन की बयार

## हरियाली तीज महोत्सव में सावन की बयार, श्री अग्रसेन महिला समिति ने मनाया तीज त्यौहार



कानपुर। श्री अग्रसेन महिला समिति के तत्वाधान में होटल ब्रिज में हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। संस्था की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल एवं महामंत्री वीना अग्रवाल ने अग्रसेन महाराज को पुष्प माला अर्पित कर गणेश स्तुति से शुरुआत हुई। वही संस्था की महिलाओं ने सावन के गीतों पर ग्रुप डांस किया। वही हाउजी खेली गई और विजेताओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए। सभी महिलाएं सावन में ग्रीन रंगों के परिधान के साथ सज धज कर आई थीं। अर्ली बर्ड का पुरस्कार पवित्र अग्रवाल को दिया गया। युगल डांस और आकर्षक गेम कराए गए। संस्था के अध्यक्ष ने सभी को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। वही इस अवसर पर सरिता अग्रवाल,कामिनी अग्रवाल,रचना अग्रवाल,मनीषा अग्रवाल,पूनम अग्रवाल,शशि अग्रवाल,अंकिता गर्ग आदि मौजूद रहीं।

# नगर निगम में कामकाज परख रहे नगर आयुक्त

- फील्ड से लेकर कार्यालय तक देख रहे कामकाज
- नागरिक सुविधा केन्द्र व अन्य कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।नागरिक सुविधा केन्द्र व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षणकानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त सुधीर कुमार द्वारा किया गया। नगर निगम मुख्यालय परिसर में बने कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मो0 अवेश खॉ अपर नगर आयुक्त, जगदीश यादव अपर नगर आयुक्त व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम केयर टेकर विभाग के अंदर बैठे कर्मचारियों से उनके काम के विषय के जानकारी ली गई ।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लें को किसी भी कार्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति/दलाल का प्रवेश न हो ।इसके उपरांत नागरिक सुविधा केन्द्र (सी0एफ0सी0) का निरीक्षण किया गया। यहॉ पर प्रत्येक काउंटर में कम्प्यूटर ऑपरेटर व कर्मचारी गण बैठ पाए गए। इस पर नगर आयुक्त द्वारा एक-एक काउंटर पर जाकर कर्मचारियों से उनके द्वारा सम्पादित किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। कुछ काउंटर पर बिना काम के तीन तीन कर्मचारी बैठे मिले। इस पर निर्देशित किया गया कि प्रत्येक काउंटर पर एक समय में एक ही कर्मचारी तैनात किया जाए अन्य अनावश्यक कर्मचारियों को हटाया जाए। सीएफसी के अंदर विभागवार बने काउंटर की उपयोगिता की दृष्टि से कई काउंटर को तत्काल रूप से हटाया जाए। इसके अतिरिक्त सीएफसी में प्रवेश करते ही लगी हुई टोकन मशीन क्रियान्वित नहीं मिली। इस पर निर्देशित किया गया कि इस अविलंब क्रियान्वित करते हुए क्रियाशील रखी जाये। नागरिक सुविधा केन्द्र में आउटसोर्स कर्मचारी शुभम शुक्ला, प्रशान्त कुमार, सम्भव तिवारी, गोपाल दीक्षित, दीपशिखा कौशिक एवं नियमित कर्मचारी शैलेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाये गये। निर्देश दिये गये कि इन सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका जाये ।मुख्यालय परिसर की सीढ़ियों पर रखे थूकदान को साफ करने के निर्देश केयर टेकर को दिये गये, साथ ही केयर टेकर को यह भी निर्देशित किया गया कि मुख्यालय भवन में दो कर्मचारी सीढ़ियों पर निरन्तर सफाई हेतु तैनात किया जाये, किसी भी भवन तल पर पान की पीके व गन्दगी नही मिलनी चाहिए।




# हर घर तिरंगा अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश

बीपीएस न्यूज



कानपुर। पिछले साल की तरह इस साल भी सरकार का हर घर तिरंगा अभियान जारी है। सरकार ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की गई है। पीएम मोदी ने जनता से तिरंगे के साथ अपनी फोटो और वीडियो को हर घर तिरंगा वेबसाइट पर पोस्ट करने के लिए कहा है। इसी के दृष्टिगत पुनः दिनांक 13 से 15 अगस्त 2024 के मध्य सम्पूर्ण देश में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। पीएम मोदी ने 28 जुलाई को अपनी 112वें मन की बात में सभी भारतीयों से स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया था। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों, कार्यालयों और दुकानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा है। इसे भारत की आजादी को चिह्नित करने के लिए और तिंरगा फहराने में प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किया गया था। इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।




# रोटरी सिर्फ एक क्लब नहीं बल्कि एक सामाजिक अभियान

कानपुर। आर्य नगर स्थित गैजेंस क्लब में रोटरी क्लब ऑफ कानपुर की आम सभा सम्पन्न हुयी। जिसमें रोटरी क्लब कानपुर की सदस्यता ग्रहण करने वाले नये सदस्यो का परिचय कराया गया वही कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्षो द्वारा किया गया। पूर्व अध्यक्षों ने अपने सम्बोधन में बताया कि रोटरी सिर्फ एक क्लब या संस्था नही है बल्कि एक अभियान और एक सामाजिक आंदोलन है जो समूचे विश्व में समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है रोटरी क्लब भारत में ही नही पूरे विश्व में पर्यावरण, शिक्षा चिकित्सा के साथ सभी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है ।उन्होने हाल में उपस्थित रोटरी सदस्यों के कई प्रश्नों का उत्तर भी दिया कार्यक्रम का संचालन रो0 राजीव अग्रवाल ने किया। क्लब के अध्यक्ष रो. राजीव अग्रवाल ने सभी अतिथ्यिों का स्वागत किया एवं क्लब सचिव रो0 दीपक अग्रवाल ने अगले कार्यक्रमों की जानकारी दी। रो0 सुशील कुमार अग्रवाल रो0 मनोज गुप्ता रो0 रिषभ ओमर रो0 जिम्मी भाटिया रो0 जसबीर सिंह जुनेजा को क्लब के कार्यक्रम में सहयोग के लिये सम्मानित किया गया। लकी ड्रा के विजेताओं को गिफ्ट प्रदान किये गये। इस अवसर पर रो. रूफी वकी रो. मुकुल टण्डन,रो. अनुराग कपूर,रो. राजबीर सिंह ग्रोवर,रो. सी0 के0 अरोड़ा,रो. तौफीक अहमद,रो. सुशील चक, रो0 गौरव तिवारी,रो. नवीन गुप्ता,रो. आकांक्षा त्रिपाठी,रो. ललित अग्रवाल,रो. रवि कपूर,रो. अनुराधा शुक्ला,रो. जितेन्द्र अवस्थी,रो. धनपत जैन,रो. चन्द्रदेव तिवारी,रो. विराट गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे ।

# मेट्रो की फर्म सेम इंडिया को लेकर जनता परेशान

- मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया ने संपूर्ण जूही गढ़ा व बम्बुरहिया से आने वाली सीवर लाइन को 3 फुट ओवरफ्लो करके कम व्यास की सीवर लाइन में डाल दिया है
- 5 हजार की आबादी झेल रही है सीवर की समस्या

कानपुर। जूही हमीरपुर रोड पर मेट्रो से क्षतिग्रस्त सीवर लाइन के विरोध में वार्ड 14 की पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने जलकल महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन देते हुए कहा कि मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया ने संपूर्ण जूही गढ़ा व बम्बुरहिया से आने वाली सीवर लाइन को 3 फुट ओवरफ्लो करके कम व्यास की सीवर लाइन में डाल दिया जबकि पूर्व में बस्तियों की सीवर लाइन का कनेक्शन पूरी गहराई के साथ बड़ी और गहरी सीवर लाइन में जुड़ी थी जिसे सेम इंडिया नामक फर्म ने समाप्त कर दिया जिसकी वजह से बस्ती की 5000 की आबादी सीवर भराव से जूझ रही है इसी तरह मेट्रो का कार्य कर रही दूसरी फर्म जेएमसी ने गौशाला चौराहे से जूही हमीरपुर रोड पर कंगारू किड्स स्कूल के सामने तक की गहरी और बड़ी सीवर लाइन को जगह-जगह क्षतिग्रस्त कर दिया है और कहीं-कहीं सीवर लाइन खत्म कर उसके पास में ही मेट्रो के पिलर बना दिए हैं जिसको लेकर लगातार मेट्रो और जलकल से शिकायत करने के बाद भी समस्या का निदान पिछले 1 वर्ष से नहीं हुआ है यदि समस्याओं का समाधान ना हुआ तो स्वतंत्रता दिवस के दिन 15 अगस्त को वह सीवर चैंबर में घुसकर अर्द्ध समाधि लेंगी



# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में मंडल अध्यक्ष मनोनीत हुए अजय द्विवेदी



कानपुर। प्रदेश महामंत्री अतुल मिश्र द्वारा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर मण्डल के मण्डल अध्यक्ष के पद पर अजय द्विवेदी को नियुक्त किया गया है। अजय द्विवेदी की इस नियुक्ति पर कानपुर नगर, कानपुर देहात, और कन्नौज के कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।इस अवसर पर बी एल गुलाबिया, अरविंद कुशवाह, पवन शुक्ला, राजकुमार बाल्मीकि, सन्दीप द्विवेदी, विनोद कुमार, अजय कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह यादव (हैलट अस्पताल), सुशील कुमार (चेस्ट चिकित्सालय), रविन्द्र कुमार मधुर, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव (कलेक्ट्रेट), सुशील श्रीवास्तव, राम खिलावन, श्रीकांत त्रिपाठी (डफरिन चिकित्सालय), श्रीमती सुनीता देवी, सुजीत कुमार, नृपत कुमार (कानपुर देहात), राम सरन, मिश्रीलाल (आयुर्वेदिक चिकित्सालय) और विनोद कुमार बाल्मीकि (कन्नौज) ने अपने संदेशों में श्री अजय द्विवेदी को शुभकामनाएं दीं ।सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि अजय द्विवेदी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त और संगठित होगा, और कर्मचारी हितों की रक्षा एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मणिक्यम इवेंट्स राखी मेला में पहुंची अपर श्रमायुक्त



कानपुर। शहर के साउथ में बने होटल रॉयल मंदाकिनी में मणिक्यम इवेंट्स राखी मेले का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडे रही जिनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडे ने मेले में लगे सभी स्टॉल से खरीददारी कर सभी स्टॉल की प्रशंसा की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रिया पाल, नेहा, दीपा, आरती साक्षी, प्रिया कश्यप, सहित सभी लोग मौजूद रहे।

अयोध्या गैंग रेप केस पर जारी सियास

# अखिलेश यादव ने फिर साधा योगी सरकार पर निशाना



लखनऊ। अयोध्या सामूहिक बलात्कार की घटना पर भाजपा और सपा के बीच तेज हुई %वाक्युद्ध% के बीच, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने रविवार को अदालत से मामले का स्वत-संज्ञान लेने और अपनी निगरानी में पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की जम्मिेदारी सरकार की है।

इसके साथ ही सपा नेता ने कहा कि माननीय न्यायालय से विनम्र आग्रह है कि स्वत संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं। बदनीयत लोगों का इस तरह की घटनाओं का राजनीतिकरण करने का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होना चाहिए। इससे पहले अखिलेश ने इस मामले में कहा था कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे क़ानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर DNA TEST के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की माँग है।यूपी सरकार अयोध्या सामूहिक बलात्कार मामले में एक्शन में है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कड़ी की जा रही है। वहीं, भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। जबकि भाजपा इस मामले में पहचाने गए आरोपियों में से एक मोइद खान, जो कि सपा का सदस्य माना जाता है, के खिलाफ कथित निष्क्रियता के लिए सपा पर निशाना साध रही है, वहीं अखिलेश यादव के नेतृत्व वाले संगठन ने भी इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए भगवा पार्टी की आलोचना की है।

अब, दोनों के बीच वाकयुद्ध की ताजा स्थिति में, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने बलात्कारी को बचाने के लिए एसपी की आलोचना की। हालाँकि, एसपी ने भी डिप्टी सीएम पर कड़ा पलटवार किया और उनका (मौर्य का) नार्को टेस्ट कराने की मांग की, यह स्पष्ट करने के लिए कि संवेदनशील मुद्दों पर सस्ती राजनीति कौन कर रहा है। केशव मौर्य ने एक्स पर लिखा कि बलात्कारियों को बचाना सपा की जन्मजात फ़ितरत है। अगर बलात्कारी मुसलमान हो तब पूरा का पूरा सैफ़ई परिवार उसे बचाने के लिए खूंटा गाड़ देता है। सपा होगी सफा।

# मदरसे के बाहर कांवड़ियों पर थूका, फेंका गंदा पानी! यूपी के हापुड़ में मचा बवाल



हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में एक मदरसे के बाहर खड़े मुस्लिम युवकों के कांवड़ियों पर थूकने का मामला सामने आया है.

इस घटना के बाद कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया. मामले की जानकारी होने पर हिंदू संगठन के लोग भी मौके पर पहुंच गए.

यह घटना नगर कोतवाली इलाके के बुलंदशहर रोड पर हुई है. कांवड़ियों का कहना है कि उन्होंने जब थूकने को लेकर विरोध किया तो मुस्लिम युवकों ने बदतमीजी की. इस घटना ने तनाव पैदा कर दिया है.

कांवड़ियों पर थूकने का आरोप

जानकारी के अनुसार, मदरसे के बाहर कुछ युवक खड़े थे, जिन्होंने कांवड़ियों के जत्थे पर थूक दिया. मदरसे के बाहर खड़े लोगों ने कांवड़ियों पर इस दौरान गंदा पानी भी फेंक दिया. इसके बाद युवक भागकर मदरसे के अंदर चले गए और दरवाजा बंद कर लिया.

मामले की जानकारी मिलने पर एसपी ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह, हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा. पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को शांत कराया. पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है.

पुलिस ने कांवड़ियों को कराया शांत

हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने कांवड़ियों पर थूकने के मामले को शर्मनाक बताते हुए घटना की निंदा की. हापुड़ एएसपी विनीत भटनागर ने कहा कि कांवड़ियों का आरोप है कि मदरसे से बाहर मौजूद लोगों ने कांवड़ का अपमान किया, उन पर थूका है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया. पुलिस ने कांवड़ियों को आश्वासन दिया है कि आस्था पर चोट पहुंचाने का काम करने वालों के खिलाफ हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे.

'किसी कीमत पर नहीं सहेंगे अपमान'

उन्होंने आगे कहा कि वीडियो के आधार पर कांवड़ियों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले लोगों की तलाश की जा रही है. मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि मुझे सूचना मिली कि मदरसे के पास कांवड़ियों पर कुछ लोगों ने थूका है. पुलिस ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे वरना हम आंदोलन करेंगे. हम किसी भी कीमत पर ये आपमान नहीं सहेंगे. पुलिस-प्रशासन ने सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है.

# रीवा में दो महिलाओं को जिंदा दफन करने की कोशिश

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में दबंगों द्वारा दो महिलाओं को जिंदा दफनाने का मामला सामने आया है। ये महिलाएं निजी जमीन पर जबरन सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं। हालांकि समय रहते दोनों महिलाओं को बाहर निकाल लिया गया है। तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। एक की गिरफ्तारी भी हो गई है।

जानकारी के अनुसार बता दें कि घटना रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के गगेव चौकी अंतर्गत हिनौता जोरौट गांव की है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने भी इसे शेयर कर सवाल उठाए हैं।बता दें कि निजी जमीन पर सड़क बनाने की कोशिश की जा रही थी। इसी बात का आशा पाण्डेय और ममता पाण्डेय सहित अन्य महिलाएं विरोध कर रहे थीं। जैसे ही सड़क पर मुरम डालने के लिए डंपर आगे बढ़ा, तो महिलाएं उसके पीछे खड़ी हो गईं। उसी दौरान डम्पर चालक ने मुरम से भरी ट्रॉली इन महिलाओं के ऊपर खोल दी और महिलाएं मुरम के नीचे दब गईं। ग्रामीणों की मदद से मुरम में दबी महिलाओं को बाहर निकाला गया। मुरम से निकलने में थोड़ी भी देरी होती तो महिलाओं की मौत हो सकती थी। एएसपी विवेक लाल ने बताया कि मामला सामने आया है। सड़क निर्माण का महिलाएं विरोध कर रही थीं। उसी दौरान मुरम में दब गईं। थाने में शिकायत दर्ज की गई है।इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी सामने आई है कि तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सागर में मंदिर की दीवार गिरी, नौ बच्चों की मौत



मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश के सागर जिले के एक गांव में रविवार सुबह एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से पास में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि यह घटना रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक मंदिर परिसर के पास धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सुबह 8.30 से 9 बजे के बीच हुई। सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया कि अब तक मिली सूचना के अनुसार, शाहपुर गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।आज सागर जिले के शाहपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से 9 मासूम बच्चों के काल कवलित होने की खबर सुनकर मन व्यथित है। घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है।रावत ने कहा कि जिला अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्ति किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को दी सौगात!

## फसलों को खरीदने का ऐलान, 133 करोड़ का बकाया कर्ज माफ



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के लिए बड़े अपडेट की घोषणा की है। कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम में उन्होंने खुलासा किया कि सरकार किसानों का बकाया 133 करोड़ रुपये माफ करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 10 नई फसलों की खरीद शुरू करेगी। इस घोषणा के बाद अब हरियाणा सरकार किसानों से 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदेगी। यह केंद्र सरकार की नीति से मेल खाता है, जो 24 फसलों के लिए एमएसपी का भी समर्थन करती है। पहले, हरियाणा में केवल 14 फसलों के लिए एमएसपी था।

एक और बड़ी घोषणा में, मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 से पहले प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के रूप में 137 करोड़ एक सप्ताह के भीतर दिए जाएंगे। 27 जून को उन्होंने यह भी कहा था कि 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन करने वाले सभी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन मिल जाएगा। सीएम सैनी ने यह भी घोषणा की कि ट्यूबवेलों के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता वाले नियम को हटा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह कहकर भी किसानों की मदद की कि अगर बिजली कंपनियों द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं, तो कंपनियां उन्हें मुफ्त में बदलेंगी और किसानों से कोई शुल्क नहीं लेंगी।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने इस बात से इनकार किया है कि केवल 17 फीसदी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार 22 विशिष्ट फसलों के लिए एमएसपी और गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) निर्धारित करती है। मंत्रालय ने दावा किया कि ये फसलें देश के सभी कृषि उत्पादन का लगभग 99त्न हिस्सा बनाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को बिक्री मूल्य और एमएसपी के बीच अंतर का सीधे भुगतान करने की कोई योजना नहीं है।

# गुजरात सरकार ने मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 15 अगस्त तक बढ़ाया

बडोदरा। गुजरात सरकार ने अरब सागर में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर प्रतिबंध को एक पखवाड़े के लिए 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि, कांग्रेस ने दावा किया कि यह कदम अनुचित और लापरवाह है जिससे मछुआरों को वित्तीय नुकसान होगा। गुजरात मत्स्य पालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज (4 अगस्त) कहा कि मछुआरों के संघ द्वारा मछली के प्रजनन के लिए अधिक समय देने के अनुरोध पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार के परामर्श से यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिक डेटा और मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा, उन्होंने कहा कि इस बदलाव को पश्चिमी तट पर अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए जाने की संभावना है।2021 से, राज्य में वार्षिक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 1 जून से 31 जुलाई तक प्रभावी रहा। राज्य मत्स्य पालन विभाग ने 31 जुलाई को गुजरात मत्स्य पालन (संशोधन) नियम, 2020 में संशोधन करते हुए एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति एक कैलेंडर वर्ष में 1 जून से 15 अगस्त (कुल 76 दिन) तक अंतर्देशीय और क्षेत्रीय जल में किसी भी प्रकार की मछली पकड़ने का काम नहीं करेगा।

# अरविंद केजरीवाल शेर हैं, वह ना टूटेंगे और ना मोदी के सामने झुकेंगे : सुनीता

हरियाणा। हरियाणा में इस साल विधानसभा के चुनाव होने है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। पार्टी की ओर से इसको लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोहना में एक जनसभा को संबोधित किया। सुनिता केजरीवाल ने इस दौरान कहा कि क्या कोई और पार्टी है जिसने सरकारी स्कूलों, अस्पतालों की हालत सुधारी हो, मुहल्ला क्लिनिक बनाये हों, मुफ्त बिजली दी हो ? उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश में ऐसे सभी विकास कार्य केवल अरविंद केजरीवाल ही कर सकते हैं।अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि पीएम मोदी ऐसे विकास कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

# मांग में सिंदूर भर, चूड़ियां पहन कर स्कूल जा रही हैं बालिका वधुएं, एक्शन लेने पर शिक्षकों ने दिखाई बेबसी



राजस्थान के बूंदी जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बूंदी जिले में दो नाबालिग बहनें सिंदूर लगाकर और रंग बिरंगी चूड़ियां पहनकर स्कूल पहुंची। जैसे ही दोनों बहनें स्कूल पहुंची तो शिक्षकों को शक हुआ की उनकी शादी की गई है। हालांकि शिक्षकों ने इस घटना को नजरअंदाज कर दिया क्योंकि इसके अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है।

जानकारी के मुताबिक दोनों बहने रानी (15) और पिंकी (16) (बदले हुए नाम) की शादी 15 जुलाई को उनके झोपड़ा गांव स्थित उनके घर पर धूमधाम से की गई है। शादियों का मौसम खत्म होने से दो दिन पहले ही दोनों नाबालिग लड़कियों की शादी कर दी गई। दोनों ही अन्य पिछड़ी जाति से आती है। हिंडोली क्षेत्र के सरकार स्कूल में पढ़ने वाली दोनों बहनों की शादी कर दी गई है।बाल विवाह पर जहां रोक लगाए जाने की बात कही जाती है वहीं इसे लेकर सख्त कानून भी बनाए गए है। इसके बाद भी राजस्थान में कानून को ताक पर रखकर बाल विवाह की प्रथा बादस्तूर जारी है। जानकारी के मुताबिक कई बार होता है कि लड़कियों की शादी के बाद पति या ससुराल पक्ष का कोई सदस्य बालिका वधू को मोटरसाइकिल से स्कूल छोड़ने आता दिख जाता है। इस संबंध में बूंदी शहर में घरेलू सहायिका का काम करने वाली रुकमणि बाई ने पीटीआई भाषा को बताया कि लड़कियों की ताई होने के कारण मैंने उनका कन्या दान किया है। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों की शादी में शामिल होने के लिए उन्होंने काम से भी चार दिन की छुट्टी ली थी। दोनों बहनों की शादी में उन्होंने 10,000 रुपये के उपहार दिए है।

इस संबंध में सरकारी स्कूल के शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने एक दिन अचानक एक लड़की को सिंदूर और रंग-बिरंगी चूड़ियां पहने आते देखा, लेकिन वे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 卐कभी-कभी कक्षा में लड़कियां अपने सहेली की शादी के बारे में कानाफूसी करती हैं। दुल्हन आमतौर पर या तो शरमा जाती है या अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमाकर सवाल को टाल देती है।卐 शिक्षक ने कहा कि एक बार विवाह हो जाने के बाद अधिकारियों से शिकायत करने से कोई लाभ नहीं होता, तथा इससे स्थानीय लोगों के क्रोध का जोखिम बना रहता है, जो लड़की को स्कूल से निकाल सकते हैं। हाल में हुई दो बहनों की शादी के बारे में पूछा गया तो उनके शिक्षकों ने अनभिज्ञता जाहिर की, लेकिन इस बात की पुष्टि की कि दोनों बहनें काफी दिनों से स्कूल से अनुपस्थित थीं।इलाके के लोगों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में माता-पिता अक्सर शादी पर आने वाले खर्च को बचाने के लिए अपनी छोटी बेटी का विवाह भी बड़ी बेटी के साथ ही कर देते हैं, हालांकि छोटी बेटी को वयस्क होने तक ससुराल नहीं भेजा जाता है। अधिकारी ऐसे विवाहों पर नजर रखते हैं, लेकिन यह तंत्र इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रहा है, खासकर तब, जब मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं को इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता है। कुछ ग्रामीणों ने ऐसी शादियों के सकारात्मक पहलुओं का हवाला दिया और बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में संशोधन की मांग भी की।एक ग्रामीण ने बताया, नाबालिग दंपति लड़कियों की शिक्षा और सरकारी नौकरी को प्राथमिकता देते हैं तथा बाल विवाह के बाद भी वे अपनी बेटियों को पढ़ने के लिए स्कूल और कॉलेज भेजते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओबीसी मोर्चे के बूंदी जिला महासचिव दीक्षांत सोनी ने स्वीकार किया कि गांवों में बाल विवाह होते हैं और उन्होंने बाल विवाह अधिनियम में संशोधन की मांग की। सोनी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में माता-पिता गरीबी के कारण अपनी लड़कियों की कम उम्र में ही शादी करने को मजबूर हैं। उन्होंने लड़के और लड़कियों में 'समय से पहले यौवन' आने के लिए 'खान-पान की आदतों के साथ बदलते पर्यावरण' को भी जिम्मेदार ठहराया। सोनी ने कहा, लड़कियां और लड़के जल्दी परिपक्व हो जाते हैं तथा किसी और के साथ शादी कर अपने माता-पिता को अपमानित करते हैं।

सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भैरू प्रकाश नागर के अनुसार, क्षेत्र में अक्सर अक्षय तृतीया, जिसे आखा तीज और पीपल पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, के आसपास बाल विवाह होते हैं। जब उनसे हिंडोली गांव में हुई दो शादियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसके बारे में जानकारी होने से इनकार किया। स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा ने क्षेत्र में बाल विवाह की खबरों से इनकार किया। कुछ अन्य शिक्षकों ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि रानी और पिंकी का बाल विवाह होना इस तरह की इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं। एक शिक्षक ने दावा किया कि हिंडोली के सुखपुरा गांव में सातवीं कक्षा की एक लड़की की पिछले साल नौवीं कक्षा के एक लड़के के साथ सगाई कर दी गई थी। सातवीं कक्षा की एक अन्य लड़की की पिछले साल शादी कर दी गई थी। शिक्षक के अनुसार, 10वीं कक्षा की एक लड़की की इस साल चार मार्च कोबिजली रखरखाव कर्मचारी से शादी कर दी गई। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-पांच (2019-21) के अनुसार, 20-24 वर्ष की आयु की 23.3 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो गई थी।

# एक्शन में योगी, एसएचओ और चौकी इंचार्ज सस्पेंड

अयोध्या रेप केस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन में हैं। आज उन्होंने पीड़ित नाबालिक लड़की की मां से मुलाकात की। इसके तुरंत बाद उन्होंने पूरा कलंदर थाना अध्यक्ष रजत शर्मा और चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्यवाही नहीं की और मुकदमा दर्ज करने में भी देरी की। इतना ही नहीं, मुख्य आरोपी मोइन खान की संपत्तियों की भी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।मोइन खान पर आरोप है कि तालाब और सरकारी जमीनों पर उसका अवैध कब्जा है। मामला पूरा कलंदर थाना क्षेत्र का है। आरोप है कि नाबालिक से दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाया। लंबे समय तक उसे ब्लैकमेल करते रहे और बारी-बारी से रेप करते रहे। पीड़िता के गर्भवती होने के बाद इसका खुलासा हुआ। परिवार वालों ने जब पुलिस से शिकायत की तो एक्शन नहीं लिया गया। हिंदू संगठनों के साथ निषाद पार्टी के लोगों ने सड़क पर विद्रोह किया तब जाकर सपा के भद्रास नगर अध्यक्ष मोइन खान और उसकी बेकरी में काम करने वाले राजू को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''आज लखनऊ में जनपद अयोध्या के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान के साथ आए अयोध्या की पीड़ित बच्ची के परिजनों से भेंट की।'' योगी ने कहा, ''दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उन पर कठोरतम कार्रवाई होगी। बच्ची को हर कीमत पर न्याय दिलाने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं।'' इस पोस्ट में मुख्यमंत्री ने बच्ची के परिजनों से मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की।मुख्यमंत्री से मिलने के बाद पीड़िता की मां ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी बच्ची के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए उन्होंने सरकार से फांसी की सजा की मांग की है, इस पर मुख्यमंत्री ने भी आश्वस्त किया कि बच्ची को हर कीमत पर न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# वैश्य समाज के ऊपर हो रहे लगातार घटनाएं उत्पीड़न को लेकर राजपाल को पत्र भेजा

## अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाने वाला वैश्य समाज प्रदेश भर में लगातार उत्पीड़न अपराधिक घटनाओं का शिकार हो रहा है




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, किदवई नगर कानपुर नगर में अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के द्वारा वैश्य समाज के ऊपर लगातार हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ प्रेस वार्ता की गई प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा राष्ट्रधर्म लोक कल्याण एवम धार्मिकता के लिए सदैव अग्रसर रहने वाला अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाने वाला वैश्य समाज प्रदेश भर में लगातार उत्पीड़न अपराधिक घटनाओं का शिकार हो रहा है पीड़ित प्रार्थना पत्र प्रशासन के पास मदद न्याय के लिए जाता है लेकिन प्रशासन आज न्याय दिलाने के लिए असमर्थ नजर आ रहा है, रसूखदार प्रशासन पर दबाव बना रहे है अपराधी निरंकुश होते जा रहे है जिससे वैश्य व्यापारी समाज में भय व्याप्त है । प्रशासन द्वारा मदद न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष सुनवाई हेतु महामहिम राज्यपाल को फैक्स के माध्यम से पत्र भेजा जा रहा है और माननीय से अपॉइंटमेंट भी मांगा जा रहा है जिससे वैश्य समाज की आवाज उन तक पहुंच सके।

साथ ही राष्ट्र गौरव महापुरुषों के सम्मान पर राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की 138 वी जयंती 3 अगस्त 2024 को तुलसी उपवन मोतीझील

कानपुर में सर्व वैश्य समाज द्वारा मनाई जाएगी ।वार्ता में महेश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष ,एडवोकेट ओम नारायण गुप्ता प्रदेश मंत्री,नीरज वैश्य अधिवक्ता,संजीव गुप्त ,राधाकांत गुप्त,अतुल ,ब्रजेश आदि सम्मानित बंधु उपस्थित रहे।

# किदवई नगर की कॉलोनियों में घुसा सीवर का गंदा बदबूदार पानी, लोगों का सड़ांध से जीना हुआ दूभर

## लोगों को डायरिया जैसी घातक बीमारी होने का सता रहा डर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। किदवई नगर बाबू पूर्वा की कॉलोनियों में सीवर का गंदा पानी घुस गया है। वहां आसपास की नाली नाला सभी चोक हैं, जिसके कारण घरों के बाहर सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है और अब तो कुछ घरों के अंदर भी सीवर का गंदा पानी घुस गया है। क्षेत्र के लोगों में होने वाली बीमारी को लेकर दहशत व्याप्त है।क्षेत्र में रहने वाले आरपी सिंह ने बताया की बाबू पुरवा की 360 से लेकर 362 तक पूरी लाइन चोक है, जिसके कारण सीवर का गंदा पानी घरों में घुस गया है।




किदवई नगर कॉलोनी निवासी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 1 महीने से यह समस्या बनी हुई है, कई लोगों ने एप्लीकेशन दी मैंने भी जलकल विभाग को लिखित एप्लीकेशन दी, जिसकी रिसीविंग मेरे पास है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

आनंदेश्वर डेरी एंड स्वीट्स हाउस के बाहर सीवर का गंदा पानी भरा हुआ था। प्रोपराइटर नवीन गुप्ता ने बताया की गंदगी की वजह से कस्टमर दुकान पर नहीं आते हैं। सड़ांध और बदबू की वजह से दुकान में बैठना मुश्किल हो जाता है, क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। इसी को देखते हुए लोगों ने आज वार्ड 80 के पार्षद को साथ लेकर बाबा कुटी स्थित जोन तीन के जलकल विभाग ऑफिस के बाहर सुबह से धरना दिया। तब क्षेत्रीय पार्षद सहित लोगों के साथ अधिकारियों ने मौके पर जाकर समस्या देखी व समस्या से राहत दिलाने का आश्वासन दिया।

# लो वोल्टेज विद्युत कटौती को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

कानपुर, लो वोल्टेज, विद्युत कटौती व नहरों में टेल तक पानी दिए जाने और रासायनिक खाद व आवारा पशुओं को लेकर किसान कांग्रेस कानपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र चंचल कुशवाहा ने जिलाधिकारी से मुलाकात की बताया कि सम्पूर्ण प्रदेश विशेषकर जनपद कानपुर नगर जनपद में लो वोल्टेज व विद्युत कटौती वा यूरिया खाद साधन सहकारी समितियों के दुकानों पर उपलब्ध न होना मजबूरी में किसान ब्लैक में बाजारों से खरीद करके अपने खेतों में डाल रहा है इसमें जो एक बोरी का वजन 45 किलो था आज वह 40 किलो की बोरी मिल रही है यह किसानों के साथ अन्याय है, की साधन सहकारी समितियों के दुकान पर भारी मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए जिससे किसानों को सस्ते मूल्य पर मिल सके। और आवारा पशुओं को छुट्टा घूम रहे जैसे की सांड, गाय बैल आए दिन किसानों के धान की फसल को चर रहे हैं, जिसका सरकार ने कोई उपाय नहीं किया है इन आनवरों को पकड के गौशालाओं में रक्खा जाए। जिससे किसान की धान की फसल नष्ट ना हो सके जिससे लोगो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, एक तो दैवीय प्रकोप कि मानक के अनुरूप वर्षा नहीं हुई, दूसरे विद्युत कटौती से किसानी प्रभावित हो रही है। यूरिया खाद का, आवारा पशुओं का लघु उ ?द्योगों के किसानों का कर्जा माफ किया जाए !जुलाई




व अगस्त का महीना कृषि के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन विदयुत व्यवस्था के चरमरा जाने से व नहरों में टेल तक पानी न आने से मुश्किल और बढ़ गई है। आपसे निवेदन है कि इस संकट से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए जिससे कि जनता को उमस भरी गर्मी व कृषि कार्यों में हो रही दिक्कतों से निजात मिल सके ।ज्ञापन के दौरान नरेंद्र चंचल कुशवाहा,पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस हर प्रकार अग्निहोत्री, अमित इत्यादि लोग मौजूद है!

# विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मामा तालाब का किया निरीक्षण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मामा तालाब का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि मस्वानपुर स्थित मामा तालाब का सुंदरीकरण 5.22 करोड़ से करवाया जा रहा है। विधायक ने कहा की शहरी क्षेत्र में यह इतना बड़ा तालाब, अवैध कब्जे से बचकर मुख्यमंत्री योगी की विशेष अनुकंपा और कृपा से बचाया है उक्त तालाब को भू माफिया कूड़ा और मिट्टी डालकर बड़ी ही तेजी से तालाब की जमीन को कब्जा करते हुए प्लाटिंग के रूप में जमीन को बेचकर लगातार छोटा कर रहे थे और अवैध प्लाटिंग पर, लोगों को भ्रमित करके, फर्जी कागजों को तैयार करके और आवास विकास के तत्कालीन अधिकारियों की मिली भगत से,



सन 1963 से कागजों में हेरा फेरी करके,तालाब को लगातार बेचने का काम कर रहे थे ।उ

से आवास विकास और नगर निगम के बीच विवादों के पेंच को निकलवा कर पहले सदन में याचिका लगाकर,फिर तत्कालीन प्रमुख सचिव आवास विकास दीपक कुमार (पूर्व डीएम कानपुर) को प्रतिवेदन देकर, फिर मुख्यमंत्री से भेंट करके,उनकी कृपा से जनहित में और आने वाली पीढ़ी के लिए, सुंदर और प्राकृतिक सुविधाओं को प्राप्त करने वाला स्थल, तैयार करवाने का मार्ग प्रशस्त कराया, जो प्राकृतिक जल संचयन तथा भूगर्भ जल प्रदूषण से मुक्ति और वाटर लेवल मेंटेन एवं हरियाली और पेड़ पौधों के संरक्षण का एक बड़ा केंद्र भी साबित होगा। जिससे एक लाख से भी ज्यादा,आसपास के क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे।

# विशाल रुद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री राधे सेवा समिति के द्वारा रामलीला पार्क संजय गांधी नगर नौबस्ता में तृतीय विशाल रुद्राभिषेक एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने बताया कि श्री राधे सेवा समिति विगत वर्षों से समाज के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। तथा आज के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्तो ने अपनी मौजूदगी से स्थल को भक्तिमय बना दिया। जय भोले की तथा हर हर महादेव के नारो से प्रांगण गुंजायमान हो उठा।

मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह ने विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा अपने सम्बोधन में आयोजक प्रवीण मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि देवो के देव महादेव श्री भोले का रुद्राभिषेक तथा सेवा किसी किसी के भाग्य में होती हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं ठंडाई वितरित की गई।

इस मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा सुधीर बाजपाई जोगिंदर तिवारी ओम प्रकाश दीक्षित शेखर बाजपेई शैलेंद्र शुक्ला शशिकांत मिश्रा रवि मिश्रा गोविंद अवस्थी मनोज तिवारी आनंद तिवारी बिट्टू परिहार राजेश शुक्ला अरुण त्रिपाठी शिवम् मिश्रा हर्ष शुक्ला रचित तिवारी महेश मिश्रा आशुतोष अवस्थी रामजी अर्जुन ओम प्रकाश धनंजय मयंक पंडित सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस

कानपुर, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सिविल लाइन स्थित मर्चेन्ट चैंबर हॉल में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलत होकर प्राथमकिता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही



बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिस भी विभाग द्वारा शिकायत निस्तारण में यदि गलत आख्या लगाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 10 बजे से जनता दर्शन का आयोजन किया जाए, जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को जन शिकायत रजिस्टर में अवश्य दर्ज कराते हुए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय अधिकारियों के जनता दर्शन रजिस्टर की रैंडम जांच करना सुनिश्चित करें ।ग्राम जामू थाना बिधनू निवासी धर्मेंद्र सिंह द्वारा शिकायत की गई की उनकी पैतृक जमीन का सरकारी बटवारा होने के बाद भी भूमि पर कब्जा न होने की शिकायत की गई, रोहित पालीवाल निवासी114/189 गोविन्द नगर द्वारा शिकायत की गई कि पड़ोसी की छत पर लगे टावर के जनरेटर की वाइवरेशन होने के कारण उनकी दीवाल टूटने लगी है, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल एस0ओ0 गोविन्द नगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निधि सिंह पत्नी स्व0 भानु प्रताप सिंह निवासी ग्राम तौधकपुर द्वारा शिकायत की गई कि पति की मृत्यु हो जाने के बाद परिवार के लोग उन्हें हिस्सा नहीं दे रहे है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। अशोक कुमार दुबे पुत्र स्व0 गणेश प्रसाद दुबे ग्राम बहलोलपुर पोस्ट मंधना थाना बिठूर द्वारा शिकायत की गई कि उनकी पैतृक कृषि भूमि पर दबंगो द्वारा जबरन कब्जा कर बेचने की शिकायत की गई !

# एमबीबीएस छात्रों हेतु 37वी आईएपी पीडियाट्रिक क्विज का आयोजन किया गया

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार एलटी1 में भारतीय बाल रोग अकादमी कानपुर एवं बाल रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एमबीबीएस छात्रों हेतु 37वी आईएपी पीडियाट्रिक क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर अरुण कुमार आर्य विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग एवं सचिव अमितेश यादव के नेतृत्व में समस्त संकाय सदस्य एवं रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ महेन्द्र सिंह, डॉक्टर प्रमोद कुमार कानपुर ने मंच को सुशोभित किया। प्रतियोगिता में लगभग 300एमबीबीएस छात्रों ने प्रतिभाग किया। क्विज में प्रथम स्थान कीर्ति राज सिंह, गणेश केसरी ने प्राप्त किया। अब यह छात्र डिविजनल राउंड में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। समस्त विजयी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए एवं अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर रूपा डालमिया, डॉक्टर शैलेंद्र गौतम, डॉक्टर राखी जैन, डॉक्टर प्रतिभा सिंह ने समस्त प्रतिभागियों का प्रोत्साहन किया एवं सतत अध्ययनरत रहने को प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने पुलिस उपायुक्त ( सेन्ट्रल ) को सौंपा ज्ञापन

## दिव्यांगजन अधिनियम 2016 सभी थानों में लागू करने, थानों में रैम्प बनाने व दिव्यांग उत्पीड़न कि रिपोर्ट दर्ज करने के मांग

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज पुलिस उपायुक्त (सेन्ट्रल) के नाम सम्बोधित ज्ञापन ए.सी.पी. स्वरूप नगर को सौंपा कर दिव्यांगजन अधिनियम 2016 सभी थानों में लागू करने, थानों में रैम्प बनाने व दिव्यांग उत्पीड़न कि रिपोर्ट थानों में दर्ज करने के मांग की है ।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अधिकारियों को दिव्यांगजन अधिनियम की जानकारी नही है जिसके कारण दिव्यांगजन अधिनियम के तहत दिव्यांगजन की रिपोर्ट थानों में नहीं दर्ज हो पा रही है। अधिकतर थानों में रैम्प न होने की वजह से दिव्यांगजन



अपने उत्पीड़न की रिपोर्ट थानों में दर्ज करने नहीं जा पाते है। वीरेन्द्र कुमार कुमार ने कहा कि थानों में दिव्यांगजन के साथ सम्मान जनक व्यवहार होना चाहिए। सम्मान जनक व्यवहार न होने से दिव्यांगजन अपने को उपेक्षित महसूस करते हैं। पुलिस उपायुक्त (सेन्ट्रल) ने सभी मांगों पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है ।आज ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के जिला अध्यक्ष अलावा राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, तृप्ति खरे, सीमा कुशवाहा, याश्मीन, सरला , जौहर अली आदि शामिल थे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।